* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

07 अक्टूबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 07, अंक 345

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

अरविंद केजरीवाल ने किया ट्वीट : एलजी मुझे रोज जितना डांटते हैं, उतना मेरी पत्नी भी मुझे नहीं डांटतीं।

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

फीफा वर्ल्ड कप अंडर 17 : झारखंड की बेटियों का जलवा

गुमला की बेटी अष्टम उरांव करेगी भारतीय फुटबॉल टीम का नेतृत्व

- राज्य की छह बेटियां चयनित, 11 अक्टूबर को पहला मुकाबला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/गुमला। 2022 फीफा विश्व कप अंडर-17 के लिए भारतीय महिला फुटबॉल टीम की घोषणा की जा चुकी है। इसमें झारखंड के गुमला की रहनेवाली अष्टम उरांव भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी। बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गोररा टोली की रहनेवाली अष्टम उरांव को राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। इस टीम में राज्य की छह बेटियों का चयन हुआ है। पहला मैच 11 अक्तूबर को खेला जायेगा। राज्य की बच्चियों के चयन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है और बधाई दी है। इलाके में खुशी का मौहाल है।

पहली बार कैप्टन बनने का मौका: टीम में झारखंड की अष्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजली मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी एवं सुधा अंकिता तिर्की का चयन हुआ है। अष्टम उरांव और सुधा अंकिता तिर्की गुमला से हैं। नीतू लिंडा, अनिता कुमारी एवं अंजली मुंडा रांची से हैं। पूर्णिमा कुमारी सिमडेगा से हैं। पहली बार इस प्रतियोगिता में झारखंड की कोई बेटी बतौर कैप्टन देश का प्रतिनिधित्व करेगी।

10 माह तक प्रशिक्षण दिया गया : फीफा वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के विश्वस्तरीय प्रशिक्षण की सुविधा जमशेदपुर में मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुनिश्चित की गयी। यहां 10 माह तक भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया था। टीम के लिए रहने की व्यवस्था, ग्राउंड, स्विमिंग पूल, जिम सहित यात्रा के लिए बस की सुविधा पूरे 10 माह के लिए सुनिश्चित की गयी थी। झारखंड की बेटियों के चयन से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी खुश हैं। भारतीय टीम में शामिल झारखंड की उन्हीं बेटियों ने आज राज्य का मान बढ़ाया। ये बेटियां झारखंड का गौरव हैं। इन बेटियों ने संक्रमण के दौर में जबरदस्त साहस और धैर्य दिखाया। अब ये देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। बता दें कि टूर्नामेंट के मैचों को भुवनेश्वर, मडगांव (गोवा) और नवी मुंबई में 11 से 30 अक्टूबर तक खेल जायेगा। भारत के सभी मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होंगे।

यूनिसेफ ने सहयोग किया : चयनित इन बेटियों को सहयोग प्रदान करने के लिए खेल विभाग की ओर से फुटबॉल किट एवं यूनिसेफ की ओर टी-शर्ट्स प्रदान किया गया था। यूनिसेफ ने चैंपियन आफ चेंज फॉर चाइल्ड राइट्स के रूप में चयनित खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा था। यूनिसेफ इन्हें बाल अधिकारों, किशोर-किशोरियों के मुद्दों, समुचित पोषण की आवश्यकता, माहवारी, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक परामर्श आदि मुद्दों पर सरकार को दिए जाने वाले तकनीकी सहयोग के रूप में प्रशिक्षित किया था।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया खिलाड़ियों को प्रोत्साहित

वर्ष 2020 में लॉकडाउन के दौरान जब पूरा देश बंद था। उस दौरान 2021 में होने वाले फीफा अंडर-17 के लिए भारतीय टीम में चयनित झारखंड की खिलाड़ियों को गोवा से वापस झारखंड लौटना पड़ा था। अधिकतर खिलाडियों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण तैयारी और खानपान पर असर पड़ रहा था। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद उन्होंने सबसे पहले फीफा प्रतियोगिता के लिए चयनित राज्य की खिलाड़ियों की ट्रेनिंग की व्यवस्था का निर्देश खेल विभाग को दिया। उसके बाद सभी खिलाड़ियों को रांची लाकर मेडिकल सुविधा दिला कर राजकीय अतिथि शाला में रखा गया। राष्ट्रीय टीम के मेन्यू के अनुरूप उनके लिए खाने की व्यवस्था और कैंप हेतु मोराबादी फुटबॉल स्टेडियम में ग्राउंड एवं दो कोच की व्यवस्था की गयी।

36वां नेशनल गेम्स : गोल्डी और अंशिका ने बढ़ाया झारखंड का मान

रांची। गुजरात में चल रहे 36वें नेशनल गेम्स में बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड में रहनेवाले गोल्डी मिश्रा ने गोल्ड मेडल जीता है। मंगलवार को आयोजित इंडियन राउंड 50 मीटर व्यक्तिगत तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्डी ने यह पदक जीता है। इस जीत ने नेशनल गेम्स में झारखंड का परचम लहरा दिया है। बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने गोल्डी से फोन पर बात कर उसे बधाई दी और भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि गोल्डी की बोकारो वापसी पर जिला प्रशासन द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उधर, आर्चरी प्रतियोगिता के व्यक्तिगत फाइनल मुकाबले में झारखंड आर्चरी महिला टीम की युवा तीरंदाज अंशिका कुमारी सिंह ने हरियाणा की संगीता कुमारी को कड़ी टक्कर दी। हालांकि वह पराजित हो गयीं। उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा, जबकि टीम रिकर्व प्रतियोगिता में अंशिका कुमारी सिंह, अंकिता भगत, कोमोलिका बारी एंव दीप्ति कुमारी की टीम भी हरियाणा की भजन कौर, संगिता कुमारी, प्रीति व एक अन्य की टीम से पराजित हो गयी। उन्हें भी रजत पदक प्राप्त हुआ। अंशिका कुमारी सेल की किरीबुरु खदान प्रबंधन द्वारा संचालित एकलव्य आर्चरी अकादमी की तीरंदाज हैं। झारखंड को बुधवार तक कुल नौ पदक मिले हैं, जिनमें तीन गोल्ड, तीन रजत और तीन कांस्य पदक हैं।

हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चयनित सभी बेटियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि फीफा अंडर -17 महिला फुटबॉल विश्वकप के लिए भारतीय टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों को अनेक-अनेक शुभकामनाएं और जोहार। टीम में चुनी गयी झारखंड की बेटियों को भी हार्दिक शुभकामनाएं। लगभग दो वर्षों तक जमशेदपुर में अंडर -17 टीम को प्रशिक्षण का आयोजन सार्थक हुआ। पूरी टीम को पुनः शुभकामनाएं और जोहार।

झारखंड में सभी विभागों में पदोन्नति पर लगी रोक

हाइकोर्ट ने डीजीपी से भी मांगा जवाब

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के सभी विभागों में दी जाने वाली पदोन्नति पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में कार्मिक विभाग और डीजीपी को जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने गुरुवार को श्रीकांत दुबे और अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। अदालत ने प्रोन्नति के संबंध में कार्मिक विभाग के 3 जून 2022 और डीजीपी के 23 जून 2022 के उस आदेश पर भी रोक लगाप्रार्थियों की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने अदालत को बताया कि प्रार्थी पुलिस विभाग में एएसआइ हैं। इनके एसआइ में प्रमोशन के लिए डीजीपी ने आदेश जारी किया है। डीजीपी ने यह आदेश कार्मिक विभाग के आदेश के आलोक में जारी किया है।

डीजीपी ने अपने आदेश में एएसआइ से एसआइ में प्रोन्नति प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। पर इसमें कहा गया है कि एससी, एसटी के वैसे उम्मीदवार जो प्रोन्नति के लायक हैं, उन्हें भी सामान्य श्रेणी में प्रोन्नति दी जायेगी।

ऐसे देना है आरक्षण : कार्मिक विभाग ने बताया है कि प्रोन्नति के क्या नियम होंगे। यदि प्रशासनिक सेवा में एसडीओ या समकक्ष पदों पर 50 प्रोन्नति होनी है तो एक से 50 तक की सूची में 32 अनारक्षित, पांच एससी व 13 एसटी सीटें होंगी। वरीयता क्रम में अगर एसटी या एससी कर्मी 1 से 32 में आता है तो उसे अनारक्षित श्रेणी में पदोन्नति मिलेगी। दी, जिसमें प्रोन्नति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

क्या है सरकार के आदेश में : सरकार के आदेश में जिक्र है कि एसटी-एससी के सरकारी सेवकों को अनारक्षित बिंदु पर पदोन्नत करने समय यह देखा जाना जरूरी नहीं कि नियुक्ति मेधा के आधार पर हुई थी या आरक्षण के आधार पर। सरकार ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के 2002 के आदेश को आधार माना है।

लिट्रेचर का नोबेल फ्रेंच रायटर एनी को

स्टॉकहोम (एजेंसी)। इस साल साहित्य यानी लिट्रेचर का पुरस्कार फ्रांस की लेखिका एनी एर्नेक्स को देने का ऐलान किया गया है। नोबेल की वेबसाइट के मुताबिक- एनी बहुत आसान भाषा में गंभीर मुद्दों पर बात करती हैं। उनके लेखन में साहस के साथ संवेदना भी नजर आती है। उन्होंने हर वर्ग और तबके को अपने लेखन में समेटा। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में नोबेल प्राइज वीक 2022 के चौथे दिन इस प्राइज का ऐलान किया गया। 82 साल की एनी ने करीब 40 किताबें लिखी हैं। इनमें से 90% फ्रेंच में है। कुछ का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया। इनमें पैशन सिम्पल, ला पैलेस, द इयर्स, ए फ्रोजन वुमन, हैपनिंग्स और डू वॉट ऑर द एल्स शामिल हैं। नोबेल वीक 3 अक्टूबर को शुरू हुआ और यह 10 अक्टूबर तक चलेगा। 7 दिन में कुल 6 प्राइज अनाउंस होते हैं। सबसे आखिर में इकोनॉमिक्स कैटेगरी का नोबेल अनाउंस किया जाता। इस सप्ताह सिर्फ पुरस्कार जीतने वाले व्यक्ति या संस्थान के नामों का ऐलान होगा। दिसंबर में इन्हें प्राइज दिये जायेंगे।

भारत जोड़ो यात्रा में पहुंचीं सोनिया गांधी

- 15 मिनट पैदल चलने के बाद किया आराम, फिर लौटीं

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। राहुल गांधी इन दिनों कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं। यात्रा इन दिनों कर्नाटक से होकर गुजर रही है। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी गुरुवार को कर्नाटक के मांड्या में पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। राहुल ने कंधे पर हाथ रखकर मां का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा में मौजूद महिला नेताओं ने सोनिया गांधी का हाथ थाम लिया। करीब 15 मिनट तक पैदल चलने के बाद राहुल ने सोनिया को वापस कार में भेज दिया। हालांकि, कुछ देर आराम करने के बाद सोनिया फिर से पैदल यात्रा में शामिल हो गयीं। सोनिया एक महीना पहले ही कोरोना से उबरी हैं। अभी उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। इसलिए वह हर लगातार ज्यादा नहीं चल रहीं।

मां के जूते का फीता बांधता वीडियो वायरल : सोनिया गांधी ने मांड्या जिले के डाक बंगला इलाके से पदयात्रा आरंभ की। वह पहली बार 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान राहुल की कई तस्वीरें हाल के दिनों में वायरल हुई हैं। गुरुवावर को जो फोटो सोशल मीडिया में घूम रही है, उसमें वह बीच सड़क पर अपनी मां के जूतों के फीते को बांधते नजर आ रहे हैं। उधर राहुल ने मां सोनिया के साथ फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि हम पहले भी तूफानों से कश्ती निकाल कर लाये हैं, हम आज भी हर चुनौती की हदें तोड़ेंगे, मिल कर भारत जोड़ेंगे।

3,570 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा : राहुल गांधी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गत 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत की थी। इन दिनों यात्रा कर्नाटक में है। यात्रा का समापन अगले साल की शुरुआत में कश्मीर में होगा।

राष्ट्रपति के 'नमक' वाले बयान पर मचा बवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 'नमक' वाले बयान के बाद राजनीतिक बवाल मच गया है। कांग्रेस और भाजपा आमने सामने हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने बयान की आलोचना की। एक ओर जहां भाजपा नेताओं ने कांग्रेस को बयान पर घेरना शुरू कर दिया है, वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने उदित राज को नोटिस भेजा है। उदित राज ने अपने बयान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'चमचा' कहा था।

क्या कहा था राष्ट्रपति ने: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिन पहले गुजरात दौरे पर गयी थीं। यहां उन्होंने कहा था कि गुजरात में देश का नमक बनाया जाता है। ये भी कहा जा सकता है कि सभी देशवासी गुजरात का नमक खाते हैं। औद्योगिक विकास के साथ ही साथ गुजरात में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है, इसके लिए मैं राज्य सरकार और सभी स्टेक होल्डर्स को बधाई देती हूं।

उदित राज ने क्या ट्विट किया: राष्ट्रपति के इस 'नमक' वाले बयान को लेकर ही उदित राज ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उदित राज ने बुधवार को ट्वीट किया। लिखा- द्रौपदी मुर्मू जी जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागीरी की भी हद है। कहती हैं 70% लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिंदगी जिएं तो पता लगेगा।

भाजपा ने साधा निशाना: उदित राज के इस बयान पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जैसे शब्द उदित राज ने राष्ट्रपति जी के लिए प्रयोग किये हैं, वे चिंताजनक हैं। हालांकि, पहली बार कांग्रेस ने इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग राष्ट्रपति जी के लिए नहीं किया है।



जनसंख्या नियंत्रण की नीति लाये सरकार : मोहन भागवत

- शस्त्र पूजा के दौरान पहली बार महिला मुख्य अतिथि भी कार्यक्रम में दिखीं

आजाद सिपाही संवाददाता

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जनसंख्या पर एक समग्र नीति बने। सब पर समान रूप से लागू हो। किसी को छूट नहीं मिले। ऐसी नीति लानी चाहिए। 70 करोड़ से ज्यादा युवा हैं हमारे देश में। चीन को जब लगा कि जनसंख्या बोझ बन रही है तो उसने रोक लगा दी। हमारे समाज को भी जागरूक होना पड़ेगा। नौकरी-चाकरी में भी अकेली सरकार और प्रशासन कितना रोजगार बढ़ा सकती है? समाज अगर ध्यान नहीं देता है तो होता है। उन्होंने कहा कि हम कौन हैं? हमारी आत्मा क्या है? इसकी स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए। अगर हमें यह जानकारी होगी तो हमें प्रगति का रास्ता साफ-साफ दिखेगा। सरसंघचालक नागपुर में बुधवार को आरएसएस द्वारा विजयादशमी मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। आरएसएस के शस्त्र पूजा के दौरान पहली बार महिला मुख्य अतिथि संतोष यादव मौजूद थीं। संतोष दो बार माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली दुनिया की एक मात्र महिला हैं।

समानता और सबको सम्मान का भाव रखना होगा : भागवत ने कहा कि मंदिर, पानी, श्मसान नहीं सबके लिए समान हो, इसकी व्यवस्था तो सुनिश्चित करनी ही होगी। ये घोड़ी चढ़ सकता है, वो घोड़ी नहीं चढ़ सकता, ऐसी मूर्खतापूर्ण बातें तो हमें खत्म करनी होंगी। सबको एक-दूसरे का सम्मान करना होगा। हमें समाज का सोचना होगा, सिर्फ स्वयं का नहीं। कोरोना काल में समाज और सरकार ने एकजुटता दिखायी तो जिनकी नौकरी गयी, उन्हें काम मिला। आरएसएस ने भी रोजगार देने में मदद की। उधर, सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि लोग बीमार ही नहीं हों। उपचार तो बीमारी के बाद होता है।

संस्कार सिर्फ स्कूल-कॉलेजों से नहीं बन सकते : उन्होंने कहा कि सामाजिक आयोजनों में, जनमाध्यमों के द्वारा, नेताओं के द्वारा संस्कार मिलते हैं। केवल कॉलेजों से संस्कार नहीं मिलते हैं। केवल स्कूली शिक्षा पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। सबसे ज्यादा प्रभाव घर के वातावरण, समाज के वातावरण का होता है। नयी शिक्षा नीति की बहुत बातें हो रही हैं, लेकिन क्या हम अपनी भाषा में पढ़ना चाहते हैं? एक भ्रम है कि अंग्रेजी से रोजगार मिलता है। ऐसा नहीं है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 48,900 रु./10 ग्राम
चांदी 63,000 रु./प्रति किलो

आखिर बॉलीवुडिया मूर्ख कब तक करते रहेंगे सनातन धर्म से खिलवाड़

राकेश सिंह

क्रिएटिव फ्रीडम के नाम पर रामायण के किरदारों का उपहास उड़ाया

राम को पहना दी खड़ाऊं की जगह चप्पल, हनुमान को चमड़े का वस्त्र

रावण को बना दिया खिलजी और हनुमान को मुगल शासक जैसा

आजाद सिपाही विशेष

बॉलीवुड एक नयी फिल्म लेकर आ रहा है। फिल्म का नाम है आदिपुरुष। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो चुकी हैं। प्रतिक्रिया मिली-जुली हो, तो समझ आती है, लेकिन अगर बहुमत में प्रतिक्रियाएं नकारात्मक हों, तो समझ लेना चाहिए कि कहीं तो बड़ा ब्लंडर हुआ है। फिल्म आदिपुरुष के टीजर को देख कर यही लगता है कि हम महाकाव्य रामायण का फिल्मीकरण देख रहे हैं। इस फिल्म में जहां बाहुबली फिल्म के नायक प्रभास ने भगवान राम की भूमिका निभायी है, वहीं दूसरी तरफ सैफ अली खान रावण की भूमिका में हैं। सीता की भूमिका में कृति सेनन हैं, तो हुनमान की भूमिका देवदत्ता गजानन नागे निभा रहे हैं। सबसे चिंतनीय बात यह है कि जहां देश का बच्चा-बच्चा भगवान राम, माता सीता, महाबली हनुमान और रावण की वेश-भूषा से भलीभांति परिचित हैं, वहीं इस फिल्म में किरदारों की वेशभूषा ग्रंथों के हिसाब से मेल नहीं खाती। ऐसा नहीं है कि इस फिल्म में किरदार निभा रहे सभी पात्र हमारे रामायण के मुख्य किरदारों से परिचित न हों, लेकिन टीजर को देख कर यही अनुमान लगाया जा सकता है कि रामायण के किरदारों के साथ छेड़छाड़ की गयी है। इतनी क्रिएटिव लिबर्टी को कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। क्योंकि यह हमारी आनेवाली पीढ़ी के लिए घातक है। उनके मन मस्तिष्क में फिर रामायण के किरदारों की यही गलत छाप बस जायेगी, जो इस फिल्म में दिखायी गयी है। इतिहासकारों के अनुसार, विश्व में लगभग 300 से अधिक रामायण के वर्जन उपलब्ध हैं। वाल्मीकि रामायण, रामायण का सबसे पौराणिक और प्रमाणिक आधार माना जाता है। वाल्मीकि रामायण को ही आधार मान कर अलग-अलग समय अलग-अलग भाषाओं में कई रामायणों का निर्माण किया गया। वहीं रामानंद सागर का संपूर्ण रामायण धारावाहिक से अच्छा और सफल रिफरेंस और क्या हो सकता है, जिसे घर-घर में स्वीकार्यता मिली। चाहे वह भागवान राम की भूमिका में अरुण गोविल हों या माता सीता की भूमिका में दीपिका चिखलिया, लक्ष्मण की भूमिका में सुनील लहरी हों या हनुमान की भूमिका में दारा सिंह या फिर रावण की भूमिका में अरविंद त्रिवेदी। एक तो इन कलाकारों का अभिनय, दूसरा इस धारावाहिक के निर्माता-निर्देशक से लेकर टेक्निकल टीम ने इतनी शिद्दत से काम किया कि संपूर्ण रामायण ने इतिहास रच दिया। अरुण गोविल, सुनील लहरी और दीपिका की पूजा होने लगी। वहीं आज का मॉडर्न रामायण कही जानेवाली फिल्म आदिपुरुष ने तो हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का ही गला घोंट दिया है। इसके किरदारों को देख कहीं से नहीं लगता कि ये रामायण के किरदार हैं। इस फिल्म से संबंधित लोगों को जहां यह नहीं पता कि भगवान राम ने वनवास के दौरान खड़ाऊ पहनी थी, वे क्या रामायण के साथ न्याय कर पायेंगे। बॉलीवुडिया मूर्खों की टोली ने साउथ के स्टार प्रभास को भी फांस लिया है। लेकिन प्रभास की इतनी हैसियत तो है कि अगर डायरेक्टर उन्हें भगवान राम से जुड़ी कोई गलत जानकारी दे रहा है, तो उसे क्रॉस चेक कर लें और उसे सही करवा लें। क्या उन्हें भगवान राम की वेश-भूषा का तनिक भी ज्ञान नहीं। इस फिल्म में राम का किरदार निभा रहे प्रभास मूछों में दिखायी पड़ रहे हैं। उन्हें खड़ाऊ की जगह चमड़े जैसा दिखनेवाला सैंडिल पहना दिया गया है। उनके कंधे पर लेदर बेल्ट जैसा कुछ बांध दिया गया है। वह राम कम बाहुबली ही ज्यादा दिखायी दे रहे हैं। वहीं हनुमान जी के लुक की बात करें तो ऐसा लगता है कि कोई मुगल काल का शासक अभी-अभी सैलून से निकला हो, बाल-दाढ़ी को ट्रिमर से सेट करवा कर। वस्त्र के नाम पर उन्हें चमड़े का अंगवस्त्र पहना दिया गया है। यही नहीं हनुमान को चप्पल पहन कर उड़ता देखा जा सकता है। सबसे ज्यादा जिस बात को लेकर चर्चा हो रही है, वह है रावण के किरदार को लेकर। रावण का किरदार सैफ अली खान निभा रहे हैं। इस किरदार को देख कर यही लगता है कि कोई मुगल आक्रांता आंखों में सुरमा और लंबी दाढ़ी के साथ बाल-वाल सेट करवा कर उतर गया है। रावण को खिलजी का लुक दे दिया गया है। माता सीता के किरदार के पहनावे को लेकर भी विवाद है। क्या है आदिपुरुष को लेकर पूरा विवाद, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

मैंने जब सुना कि फिल्म आदिपुरुष के डायरेक्टर वही हैं, जिन्होंने तान्हाजी फिल्म को डायरेक्ट किया था, तब लगा कि क्या गजब की फिल्म बनायीं होगी। लेकिन जैसे ही आदिपुरुष का टीजर देखा, तो बहुत निराश हुआ। एक तो फिल्म के किरदारों की वेशभूषा को लेकर, दूसरा फिल्म के वीएफएक्स को लेकर। फिल्म का वीएफएक्स बहुत ही निम्न स्तर का दिखायी पड़ रहा है। आजकल ऐसे इफेक्ट्स मोबाइल एप पर भी किये जा सकते हैं। किसी कार्टून चैनल पर भी इस स्तर के वीएफएक्स का लुफ्त उठाया जा सकता है। वह भी इस फिल्म से बेहतरीन ही होगा। इस फिल्म का बजट 450 करोड़ बताया जा रहा है। इतनी महंगी फिल्म के हिसाब से वीएफएक्स का काम तो बकवास ही कहना होगा। भले आलोचना झेलने के बाद कुछ सुधार की उम्मीद की जा सकती है। यह टीजर एक मिनट 47 सेकंड का है। पहली नजर में टीजर को देख कर ऐसा लगता है कि ऐसे इतने काबिल डायरेक्टर ने ऐसी गलती क्यों की होगी! क्या क्रिएटिव लिबर्टी इसका मुख्य कारण है। क्या रामायण को मॉडर्न बनाने के चक्कर में फिल्म ने अपनी बेसिक्स ही खो दी। आखिर कौन सी रिसर्च टीम इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी। किरदारों का लुक्स कौन फाइनल कर रहा था। आखिर इस फिल्म के कलाकार इतने मूर्ख कैसे हो सकते हैं, जिन्हे अपने किरदार की बेसिक्स ही नहीं पता। आखिर फिल्म में राम का किरदार निभा रहे प्रभास बाहुबली के किरदार से बहार क्यों नहीं निकल पाये! राम भगवा पहनेंगे कि चमड़ा। राम खड़ाऊ पहनेंगे कि सैंडिल। कलाकारों का अपना रिसर्च भी कुछ रिसर्च होता है या नहीं, वह भी प्रभास जैसा दिग्गज, जिसके सामने इस फिल्म के डायरेक्टर ओम राउत की क्या बिसात। खबर है कि टीजर रिलीज होने के बाद प्रभास डायरेक्टर से नाराज हैं, लेकिन सिर्फ डायरेक्टर की ही गलती कैसे हो सकती है, आलोचना तो पहनावे को लेकर भी हो रही है।

अब बात करते हैं सैफ अली खान की। चलिए एक बार मान लेते हैं कि तैमूर के पापा सैफ अली खान को रावण के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होगी। वह अपने कैरेक्टर और लुक्स को लेकर वॉव-वॉव करते थक नहीं रहे होंगे। डायरेक्टर कहानी नैरेट करते वक्त कह रहा होगा, मेरा रावण का लुक ऐसा होगा। उसकी लंबी दाढ़ी होगी। उसका हेयर स्टाइल ऐसा होगा। वह चमकादड़ पर सवारी करेगा। दूसरी तरफ कहानी में अपने कैरेक्टर को लेकर सैफ वॉव-वॉव कर ही रहे होंगे। रावण कौन था! कितना विद्वान था! कैसी वेशभूषा थी, उससे सैफ को क्या मतलब। खलनायक का काम मिला है, लुक खिलजी जैसा है। वॉव। लेकिन यहां सैफ को लेकर एक बात तो साफ हो गयी कि बॉलीवुडिया टोली में यह चर्चा जरूर हो गयी होगी कि उन्हें नया खिलजी या औरंगजेब मिल गया।

यहां सवाल यह उठता है कि इस फिल्म को लेकर आखिर विवाद क्यों नहीं हो। लोगों का कहना है कि आखिर कब तक ये बॉलीवुडिया जाहिल सनातन धर्म को निशाना बनाते रहेंगे। हमेशा से बॉलीवुड ने हिंदुओं की धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ किया है। देवी-देवताओं का मजाक बनाया है। क्रिएटिव फ्रीडम के नाम पर फिल्मों में कभी कोई मां काली को सिगरेट पीता दिखा देता है, तो कोई भगवान शंकर को ही दौड़ाने लगता है। फिल्म आदिपुरुष का जैसे ही 2 अक्टूबर को अयोध्या में टीजर रिलीज किया गया, उसके बाद से ही इस फिल्म के किरदारों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। टीजर रिलीज होते ही रावण का किरदार निभा रहे सैफ अली खान का खिलजी लुक सोशल मीडिया पर अचानक ट्रोल होने लगा। लोगों को लगा कि यहां खिलजी क्या कर रहा है। बाद में पता चला कि यह तो रावण है। उसके बाद सैफ अली खान को लेकर जो मिम्स बनने शुरू हुए तो रुकने का नाम ही नहीं ले रहे। विवाद इतना बढ़ गया कि जिसे इस फिल्म के बारे में पता नहीं था, उन्हें भी इसकी जानकारी हो गयी। लोग कहने लगे, यह खिलजी है या रावण। रावण के वस्त्र पर कमेंट करते लोग कह रहे हैं कि बिना नाभि वाला रावण कहां से आ गया। अब इसे तीर कहां मारा जायेगा। रावण का मुकुट कहां है। रावण का हेयर स्टाइलिस्ट कौन है। रावण किस सैलून से बाल कटवा कर आया है। रावण ने सुरमा क्यों लगाया है। रावण की इतनी लंबी दाढ़ी कहां से आ गयी। रावण को पुष्पक विमान की जगह चमगादड़ पर सवारी करते क्यों दिखाया जा रहा है। वहीं हनुमान जी के लुक को देखकर लोगों का कहना है कि हनुमान को मुगल शासक के रूप में क्यों दिखाया जा रहा है। उन्हें चप्पल क्यों पहनायी गयी है। माता सीता के लुक को लेकर भी लोग काफी नाराज हैं। भगवान राम के लुक को लेकर भी लोग काफी निराश हैं। टीजर में सोने की लंका को डरावनी काली गुफा जैसा दिखाया गया है। जहां रावण के साथ हजारों चमगादड़ उड़ते दिखायी दे रहे हैं। फिल्म में वानरों की सेना के नाम पर हॉलीवुड फिल्म प्लेनेट ऑफ एप्स की फ्रेम टू फ्रेम कॉपी लग रही है। लोग इस फिल्म को रिसर्च टीम की जाहिलियत का घटिया नमूना बता रहे हैं। इस टीजर के आने के बाद संतों में काफी रोष है। हिंदू धर्म को माननेवालों में गुस्सा भरा पड़ा है। इस फिल्म पर बैन लगाने की भी मांग उठायी जाने लगी है।



परदे के भीष्म पितामह का फूटा गुस्सा

महाभारत में भीष्म पितामह की भूमिका निभा चुके मुकेश खन्ना फिल्म आदिपुरुष में रावण का किरदार निभा रहे सैफ अली खान के लुक्स पर कहते हैं कि सभी चैनलों पर एक ही बात चल रही है कि ये मोहम्मद खिलजी लगता है, रावण नहीं। सही बात है। ये हमारा रावण नहीं लगता है। कैरेक्टर को मुगल लुक दे दिया गया है। मजाक कर रहे हैं क्या आप? नहीं चलेगी ये फिल्म। अगर आपको लगता है सिर्फ स्पेशल इफेक्ट्स से फिल्म हिट हो जायेगी। 1000 करोड़ खर्च कर के रामायण नहीं बन सकती। रामायण उसके मूल्यों, आस्था, लुक और डायलॉग पर बनती है। मैं इन पैसेवालों से कह दे रहा हूं कि अपने पैसों का इस्तेमाल हमारे धर्म के कैरेक्टर्स का बदलाव करने पर खर्च मत करो। इन्हें बदनाम मत करो।

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की चेतावनी

मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आदिपुरुष का मैंने ट्रेलर देखा है। फिल्म में आपत्तिजनक दृश्य है। हमारी आस्था के केंद्र बिंदुओं को जिस रूप में दिखाया गया है, वह अच्छा नहीं है। अब हनुमान जी के वस्त्र चमड़े के दिखाये गये हैं। हनुमान जी के चित्रण में अलग से कहा गया है कि कानन कुंडल कुंचित केसा, हाथ वज्र और ध्वजा विराजे। इसमें उनके सभी वस्त्र बताये गये हैं। यह आस्था पर कुठाराघात है। ये धार्मिक भावनाओं को आहत करनेवाले दृश्य हैं। नरोत्तमम मिश्रा ने कहा कि मैं फिल्म के निर्माता ओम राउत को पत्र लिख रहा हूं कि इस तरह के दृश्यों को हटाया जाये।

फिल्म को लेकर क्या कहते हैं डायरेक्टर

ओम राउत की मानें तो आदिपुरुष बड़े पर्दे के लिए बनी फिल्म है और इसका जादू मोबाइल पर टीजर देख कर नहीं समझा जा सकता है। उन्होंने कहा है कि अगर उनकी मर्जी चलती, तो वह टीजर को यूट्यूब पर डालते ही नहीं, मगर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक टीजर पहुंचाने के लिए ऐसा करना पड़ता है। टीजर पर आये रिव्यू से परेशान निर्माताओं ने अपने दफ्तर में फिल्म को रिव्यू करने वाले समीक्षकों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को बुलाकर थ्री डी में टीजर दिखाया और अनुरोध किया कि वे अब फिल्म के बारे में अपने-अपने प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक बातें करें। ये लोग अब नये सिरे से टीजर के पॉजिटिव और अच्छे रिव्यू दे रहे हैं। लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि वीएफएक्स से किरदारों के लुक्स कैसे बदलेंगे! रावण का क्या खिलजी वाला लुक बदल जायेगा! हनुमान का मुगल लुक बदल जायेगा! राम जी खड़ाऊ पहन लेंगे! और भी जितने भी छेड़छाड़ इस फिल्म में की गयी हैं, क्या वे बदल जायेंगी! नहीं बदलेंगे। रामायण से बड़ी कहानी किसी के लिए क्या होगी। रामायण पर किया हुआ रिसर्च कहां नहीं मौजूद है! अगर मंशा सही होती तो इतना विवाद ही नहीं होता। 450 करोड़ में अगर यह फिल्म सही नियत के साथ बनायी गयी होती तो शायद हर कोई टीजर का गाना गुनगुना रहा होता। जय श्री राम, जय श्री राम, जय श्री राम, राजा राम।

रांची से पटना की दूरी 40 किमी तक होगी कम

आजाद सिपाही संवाददाता

कोडरमा। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक अनूप शर्मा के अनुसार, दिसंबर से पहले कोडरमा से हजारीबाग, बरकाकाना होते हुए रेल मार्ग का सीधा संपर्क बन जायेगा। इससे रांची से पटना की दूरी 40 किमी तक कम हो जायेगी। रांची से ट्रेनों को गोमो होकर चलाने की बजाये सीधे बरकाकाना से सिधवर, सांकी, हजारीबाग टाउन और कोडरमा होकर पटना तक चलायी जा सकेंगी। इस रेल मार्ग की खास बात यह होगी कि यात्री घने जंगलों और पहाड़ों के बीच तीन सुरंगों से होकर गुजरेंगे। डीआरएम आशीष बंसल ने बताया कि 14 नवंबर तक इस मार्ग का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। बरकाकाना से रांची के बीच तीन टनल का काम पूरा कर लिया गया है। 14 नवंबर के बाद इस खंड पर

सुरक्षा जांच होने के बाद ट्रेनें रांची से हजारीबाग टाउन व कोडरमा के रास्ते पटना और दिल्ली के लिए ट्रेनें चलायी जा सकेंगी।

धनबाद रेल मंडल क्षेत्र में बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार

कोडरमा। डीआरएम आशीष बंसल ने बताया कि हावड़ा से नयी दिल्ली तक 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें चलाने को लेकर कार्य चल रहा है। 1451 किमी लंबे इस मार्ग के प्रधानखंटा से बंधुआ तक 202 किमी हिस्सा धनबाद रेल मंडल में है। इस हिस्से में वर्तमान में अधिकतम 130 की रफ्तार से ट्रेनें चल रही हैं। 2024 से इस रूट पर ट्रेनें 160 की रफ्तार से चलेंगी। रेल मंत्रालय के मिशन रफ्तार के तहत धनबाद मंडल में ट्रेनों की गति बढ़ाने की तैयारियां हैं। कोडरमा से मधुपुर रूट पर महेशमुंडा से मधुपुर के बीच पहले से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। कोडरमा से महेशमुंडा के बीच नावाडीह से कोवार तक 33 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। वहीं अब पूरे रूट पर 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलने लगी है। कोडरमा से महेशमुंडा की दूरी अब दो घंटे में तय हो सकेगी। फिलहाल टाइमटेबल जारी नहीं होने तक तीन घंटे 25 मिनट लग रहे हैं। टाइमटेबल जारी होने के बाद अधिकतर स्टेशनों पर अप और डाउन में ट्रेन के पहुंचने के समय में बदलाव हो जायेगा।

कोडरमा की खबरें

चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

मरकच्चो। चित्र पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रांश परिवार मरकच्चो की बैठक जुगनू जयंत की अध्यक्षता में हुई। इसमें चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में गौरी शंकर प्रसाद, धरणीधर प्रसाद, मुकुल चंद्र प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, अरुण प्रसाद सिन्हा, जयंत कुमार सिन्हा, दिलीप कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा, निरंजन कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार सिन्हा, राजेश कुमार सिन्हा, रंजीत कुमार सिन्हा, जुगनु कुमार सिन्हा, जय मंगल कुमार सिन्हा, कमलेश सहाय, सत्य प्रकाश सहाय, कौशल किशोर सहाय, अभिषेक कुमार सिन्हा, प्रशांत कुमार सिन्हा, प्रभात कुमार सिन्हा, राजन कुमार सिन्हा, आशु कुमार सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा, गोलू कुमार सिन्हा, निलेश रंजन, गुंजित कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, विनय कुमार सिन्हा, धीरज कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिन्हा, सुधांशु कुमार सिन्हा, हिमांशु कुमार सिन्हा, संदीप कुमार सिन्हा, प्रणव पंकज, नवदीप रंजन, सत्यनारायण प्रसाद सिन्हा समेत चित्रांश परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

नम आंखों से दी मां को विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

डोमचांच। प्रखंड में गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन बड़ा ही धूमधाम से किया गया। डोमचांच नगर पंचायत के साथ प्रखंड के भिन्न पंचायतों में भी भक्ति में डूबे रहे लोग। डोमचांच काली मंडा, बस स्टेशन दुर्गा मंदिर, शिव सागर के साथ, मसमोहना, ढाब, सपही, निमाडीह, बगड़ो सहित कई पूजा समिति के द्वारा विभिन्न तालाबों व नजदीकी जलाशय में विसर्जन किया गया। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया, वहीं पुरुषों ने भी एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दिया। कोडरमा पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन ने मेले को सफल बनाने में हर चौक चौराहे पर निगरानी की जिस से शरारती तत्वों पर नजर रखी जा सके।

गुमो में हुआ मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन

झुमरीतिलैया। शहर के गुमो में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन विजयदशमी की देर रात दुर्गा मंडप से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में विसर्जित किया। पूजा समिति के अनुसार 250 वर्षों से गुमो में आयोजित हो रही पूजा में माता को किसी वाहन के बजाय भक्तों के द्वारा अपने हाथों पर सहारा देकर विदा किया जाता है। विसर्जन से पहले भक्तों ने माता की प्रतिमा को अपने हाथों पर लेकर 5 बार दुर्गा मंडप की परिक्रमा की। आपको बता दें कि पूरे कोडरमा जिले में सिर्फ गुमो में ही मां दुर्गा के प्रतिमा को अपने हाथों पर लेकर तालाब तक लेकर जाते हैं जबकि अन्य पूजा समितियों के द्वारा सुसज्जित वाहन में माता की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है।

गझंडी में 30 फीट का जला रावण

कोडरमा। जिले के गझंडी में इस बार 30 फीट ऊंचा रावण का पुतला जलाया गया। यहां पिछले 40 वर्षों से रावण दहन का कार्यक्रम होता आ रहा है। पिछले साल भी यहां 30 फीट का ही रावण दहन हुआ था। रावण के साथ साथ यहां भी मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	29.1 °c	22.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.31 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.42 बजे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों जला रावण, साथ में कुंभकरण और मेघनाथ

दो वर्षों के बाद दुर्गा पूजा का हुआ भव्य आयोजन : हेमंत

सभी ने पूरे उमंग और उल्लास के साथ आपस में बांटी दशहरा की खुशियां

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विजय दशमी के अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी की ओर से मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दो वर्षों के बाद इस बार सार्वजनिक रूप से दशहरा का भव्य आयोजन हुआ है। पिछले 2 वर्ष कोविड-19 महामारी की वजह से दशहरा समेत तमाम पर्व त्योहार का आयोजन प्रभावित हुआ था। लेकिन, जिस तरह सभी के सहयोग से कोरोना पर विजय प्राप्त किये, उसी के फलस्वरूप आज हम सभी बुराई पर अच्छाई के विजय का पर्व पूरे उमंग और उल्लास के साथ दशहरा मनाया और मिलजुल कर इस त्यौहार की खुशियां बांटी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शानदार आतिशबाजी

इस दौरान मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। वहीं शानदार आतिशबाजी का नजारा सभी ने देखा। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, महापौर आशा लकड़ा, उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष राजेश खन्ना, उपाध्यक्ष कुणाल अजमानी, सचिव सुधीर उग्गल, आयोजन समिति के सदस्य आर आनंद, राजेश मेहरा और मुकुल तनेजा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक आज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक 7 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से हरमू स्थित सोहराय भवन में होगी। बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी मौजूद रहेंगे। इनके अलावा बैठक में केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, सदस्य, जिलाध्यक्ष, जिला सचिव, प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड सचिव शामिल होंगे।

पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्या ने बताया कि बैठक में पार्टी के सभी पदाधिकारियों को मौजूद रहने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सांगठनिक स्थिति पर विचार-विमर्श किया जायेगा। साथ ही पार्टी की ओर से चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। वहीं, सरकार की ओर से जनहित में लिये गये निर्णयों को आमजनों तक किस तरह पहुंचाया जाये, इस पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।

एचइसी शालीमार बाजार में रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने रावण कुंभकर्ण का पुतला दहन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एचइसी शालीमार बाजार में विजय दशमी के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। दो वर्ष की कोरोना महामारी के बाद आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में लाखों लोग शामिल हुए और भव्य दृश्य का अलौकिक आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विजयादशमी रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, समिति के अध्यक्ष संजीत यादव, महासचिव अभिषेक साहू और कोषाध्यक्ष रंजन यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बुराई का प्रतीक मानेजाने वाले रावण और कुंभकर्ण का पुतला दहन किया। रावण दहन

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और घुड़सवारी का आयोजन

के पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और घुड़सवारी का आयोजन किया गया था। इस दौरान लगभग एक घंटे तक आतिशबाजी सतरंगी छटा बिखेरती रही। अपने संबोधन में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य की जीत है, बुराई पर अच्छाई की जीत है। उन्होंने कहा कि रावण के साथ साथ अपनी बुराइयों और कमजोरियों को भी हमें जला देना है। जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने लंका पर विजय हासिल की, उसी प्रकार भारत की सेना भी इतनी मजबूत हो कि कोई बाहरी आक्रमण हमारा नुकसान नहीं कर सके। हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि राज्य को अच्छा बनायें तभी विजयादशमी का अनुभव होगा। इसके पूर्व विजयादशमी रावण दहन समिति के अध्यक्ष संजीत यादव एवं महासचिव अभिषेक साहू ने अतिथियों का स्वागत बुके एवं चुनरी भेंट कर किया, जबकि कोषाध्यक्ष रंजन यादव बबलू ने कार्यक्रम का संचालन किया। समिति की सदस्या खुशबू कुमारी, कोमल कुमारी, सचिन कुमारी ने अतिथियों के माथे पर तिलक लगाया एवं युवा दस्ता के कार्यकर्ता अनियंत्रित भीड़ को संभाल रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडीजी मीणा, जय सिंह यादव, वेद प्रकाश सिंह, गौरी शंकर यादव, धर्मेंद्र गिरि, राजेश यादव, लटपट जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, अविनाश सिंह, प्रमोद यादव, उमेश यादव, श्रवण कुमार, शैलेश तिवारी, राहुल कुमार, सूरज गुप्ता, अजय कुमार, गोपी कुमार, राजन कुमार, कमलेश प्रसाद, संतोष यादव, सौरभ कुमार, विभाकर सिंह उपस्थित थे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431143512

मेष जॉब में उच्चाधिकारियों एवं सहयोगियों के सहयोग मिलेगा।

वृष बुद्धि-चतुरता से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, कर्मक्षेत्र में मनोनुकूल वातावरण रहेगा।

मिथुन धन-द्रव्य-वस्त्र आभूषण की प्राप्ति, स्वजन-मित्रों का सहयोग, आत्मविश्वास की वृद्धि।

कर्क कर्मक्षेत्र यशस्वीकार्य करने का अवसर, व्यापरिक विस्तार की योजना सफल।

सिंह संकल्पित कार्य पूरा होगा। घर-गृहस्थी का सुख, संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

कन्या धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी, शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

तुला परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार एवं सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक सरकारी नौकरी करनेवालों के स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना।

धनु विद्या-बुद्धि प्रतिभा का विकास, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास।

मकर संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

कुंभ नयी नौकरी मिलने के संयोग बनेगा, सपरिवार मनोरंजन-भ्रमण के साधन बनेंगे।

मीन रोजी-रोजगार के क्षेत्र में कठिनाइयों पर विजय, शादी-शुदा जिंदगी में परेशानी से छुटकारा।

आगे बोछोर आबार आशबे मां : घर परिवार को खुशहाल रखने और अगले साल फिर आने की कामना के साथ मां को विदा किया

विसर्जन शोभायात्रा की मनोहारी छटा से गुलजार रही राजधानी

छप्पन सेट मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाल मां की प्रतिमा का किया गया विसर्जन।

शोभायात्रा में नाचते चंद्रशेखर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह, विनय सिंह और अन्य।

मां की प्रतिमा को अपने कंधों पर उठाकर शोभायात्रा में शामिल हुए दुर्गाबाड़ी पूजा समिति के श्रद्धालु।

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मां भवानी की प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गोत्सव संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने आगे बोछोर आबार आशबे मां के भाव से गुरुवार को मां को विदा किया। दोपहर बाद शहर के सभी पूजा पंडालों में विधि-विधान से पूजन आरती की गयी। फिर शोभायात्रा के साथ मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन विभिन्न तालाबों, जलाशयों और डैमों में किया गया। क्या चौक-चौराहा और गली-कूचा देर शाम तक विसर्जन शोभायात्रा की धूम चहुंओर छायी रही। आगे-आगे चुनरी ओढ़े पूजा समिति के पदाधिकारी तन कर चल रहे थे, इनके पीछे रंग गुलाल उड़ाते और भक्ति गीतों पर नाचते-झूमते भक्तगण। अंत में आगे बढ़ते बढ़े-छोटे वाहन पर विराजमान भव्य प्रतिमाओं की मनोहारी छटा देखते ही बन रही थी। शोभायात्रा जिधर से गुजरती इलाका भक्ति और उत्साह से गुलजार हो जाता। उत्साह में रमे भक्तों को समय का भी भान ना रहा। मां दुर्गा को विदा करने निकले श्रद्धालु निर्धारित समय का पालन नहीं कर सके। इस कारण कई पूजा समितियां मुख्य शोभायात्रा में शामिल होने से वंचित रह गयीं। देर होने से शहर के प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित रहा, लेकिन अच्छा यह रहा कि प्रशासन की ओर से सभी प्रमुख चौराहों पर बैरिकैटिंग की गयी थी। लोगों को डायवर्ट रास्ते से भेजा जा रहा था। इससे राहगीरों को थोड़ी सहुलियत मिली।

मेन रोड होकर गुजरी शोभायात्रा

महानगर दुर्गा पूजा समिति की शोभायात्रा निर्धारित समय शाम पांच बजे से अल्बर्ट एक्का चौक से गुजरी। बिहार क्लब के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय, सचिव संजय सिन्हा गोपू राजन वर्मा, प्रदीप राय बाबू के नेतृत्व कर रहे थे। बाद में यूथ क्लब और फिर चंद्रशेखर आजाद, दुर्ग पूजा समिति की भव्य शोभायात्रा अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में निकली तो पूरा इलाका झूम उठा। तासा पार्टी की धुन पर नाचते-झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बाद में अन्य पूजा समितियों की शोभायात्रा भी प्रमुख चौक-चौराहों से होकर बड़ा तालाब पहुंची। यहां पूजन-आरती के बाद प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया।

अंत तक रही मौसम की बेरुखी

मां के आने से लेकर विदाई तक मौसम की बेरुखी बनी रही। हलांकि इससे भक्ति के उत्सव में खास फर्क नहीं पड़ा। श्रद्धालुओं ने इसे मां का आशीष जान भींग कर भी उत्सव में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। गुरुवार को विसर्जन शोभायात्रा के समय भी कुछ ऐसा ही हाल रहा। दिनभर मौसम खुशगवार रहा, लेकिन सांझ ढलते रूख बदल गया। साढ़े छह बजे के बाद बूंदा-बांदी के बाद फुहार बन वर्षा रानी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी लेकिन भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ।

कई पूजा समितियों ने किया विसर्जन

उड़ते रंग-गुलाल के बीच झूम कर निकली शोभायात्रा

पूजा के सफल समापन पर आलोक दुबे ने जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। डोरंडा के कई प्रमुख पूजा पंडालों में विराजमान मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को ही कर दिया गया। छप्पन सेट, कुसाई कॉलोनी, भवानीपुर, एजी कॉलोनी, मेकान आदि से भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। बाद में बटन तलाब, डोरंडा में प्रतिमाओं का नेम-निष्ठा से विसर्जन किया गया।

रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में छप्पन सेट मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गयी। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छप्पन सेट, गोरखा चौक, राजेंद्र चौक होते हुए बटन तलाब पहुंचे। यहां मां की आरती उतारी गयी। फिर सभी ने नम आंखों से माता को विदाई दी। इसके पूर्व मंदिर परिसर में महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर और अबीर लगाया। मां दुर्गा से आशीर्वाद मांग, अगले वर्ष फिर आने आह्वान किया। आलोक कुमार दुबे ने राजधानी वासियों के साथ प्रतेक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया। सभी को बधाई दी है। समिति के अध्यक्ष गौतम दुबे गोपी, कपिलदेव सिंह, अमोल कुमार, विजय गुप्ता, मनोज तिवारी, अभय सिंह, शशिकांत, मेंहुल दूबे, अश्वनी कुमार, दिलीप ठाकुर आदि का योगदान सराहा।

युवा दस्ता ने किया स्वागत

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा द्वारा राजधानी रांची के स्वामी विवेकानंद सरोवर के मुख्य घाट के समीप स्वागत शिविर लगाकर विसर्जन करने आयी सभी पूजा समितियों का भव्य स्वागत माला पहना कर और चुनरी ओढ़ा कर किया गया। इसके साथ ही समय पर पारंपरिक तरीके से विसर्जन करने आये यूथ क्लब को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। स्वागत शिविर में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। मिश्रा ने बताया कि दुर्गा पूजा को संपन्न कराने में युवा दस्ता ने अहम भूमिका निभायी। युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी एवं सदस्यों ने राजधानी रांची के बड़ा तालाब में तैनात रहे एवं मां भवानी की मूर्ति विसर्जन करने आये पूजा समितियों का विसर्जन कराने में सहयोग किया। स्वागत शिविर में युवा दस्ता के राजेश गुप्ता छोटू, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, मनीष साहू, उपेंद्र रजक, मंटू दुबे, नवनीत पांडेय, अभिषेक चौधरी, टिंकू यादव, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश, साहिल, ज्योति शंकर साहू सहित दर्जनों सदस्यों ने अहम भूमिका निभायी।

महानगर समिति की शोभा यात्रा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति द्वारा सामूहिक विसर्जन शोभायात्रा समिति के मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार सहाय, उपसंयोजक रामधन वर्मन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा, महामंत्री रवींद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू, संजय मिनोचा, अमर नाथ साहू के नेतृत्व में दोपहर 3:00 बजे मां दुर्गा की मूर्ति की विसर्जन शोभायात्रा बिहार क्लब कचहरी रोड से आरंभ होकर 6:00 बजे विसर्जित हुई। इसमें विहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय एवं सचिव संजय सिन्हा गोपू के नेतृत्व में कचहरी रोड से शुरू होकर संग्राम क्लब के रंजन सिंह एवं राजेश कुमार लाल, रातू रोड किशोरी यादव चौक में इटकी रोड, पंडरा रोड, पिस्का मोड़ की ओर से आने वाली सभी मूर्तियों को साथ लेकर महावीर चौक यूथ क्लब से विशुन देव लीलू, ज्योति संगम, गाड़ी खाना से शक्ति स्त्रोत संघ कामाख्या सिंह के नेतृत्व में सभी मूर्तियों को लेकर फिराया लाल चौक पर बरियातू रोड से आने वाले मूर्ति एवं महावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति थड़पखना रविंद्र वर्मा के के नेतृत्व में हजारीबाग रोड से आने वाली मूर्तियों का मिलन हुआ। विसर्जन शोभायात्रा मेन रोड की ओर चंद्रशेखर आजाद क्लब को साथ लेकर काली मंदिर चर्च रोड पूजा समिति के साथ आगे बढ़ते हुए वूल हाउस अंजुमन प्लाजा चौक से वापस मुड़ कर डेली मार्केट होते हुए कोतवाली थाना के आगे से बांई ओर मुड़कर बड़ा तालाब एवं चडरी तालाब तथा अन्य तालाबों में विसर्जन हुआ। उपरोक्त विसर्जन शोभायात्रा में मनोज तिवारी, अमित सोनी, प्रकाश चंद्र सिन्हा, राहुल देव बर्मन, निरंजन भगत सहित पदाधिकारी एवं सैकड़ों सदस्य शामिल हुए। समिति ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, मुख्य सचिव, डीजीपी सहित तमाम अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com

सीनियर डीसीएम ने हटिया स्टेशन का किया निरीक्षण, पांच को किया निलंबित

रांची (आजाद सिपीह)। रेलवे के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने हटिया स्टेशन का बुधवार देर रात निरीक्षण किया। इस दौरान कमर्शियल विभाग के चार रेल कर्मी को ड्यूटी से गायब रहने पर निलंबित कर दिया। इसके साथ ही शो कॉज नोटिस जारी किया गया है, क्यों नहीं आपके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलायी जाये। बिना किसी को जानकारी दिये सीनियर डीसीएम हटिया स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां कर्मचारी ड्यूटी से गायब थे। जानकारी के अनुसार एक बुकिंग क्लर्क, दो टीटी और एक ट्रेन के टीटीइ को निलंबित किया गया है। साथ ही कमर्शियल इंस्पेक्टर को भी शो कॉज किया गया है। कमर्शियल इंस्पेक्टर प्रमोद को भी सस्पेंड कर दिया गया है।

रांची पुलिस ने एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के टोंको बस्ती से गिरफ्तार किया

नक्सली गिरफ्तार, एके-47 बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान मां से मिलने आये पीएलएफआइ नक्सली सोनू माझी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली खूंटी जिले का रहनेवाला है। इसके पास से एके-47 बरामद हुआ है। वांटेड नक्सली सोनू माझी को रांची पुलिस ने एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के टोंको बस्ती से गिरफ्तार किया है। बुधवार देर रात हटिया डीएसपी राजा मित्रा के नेतृत्व में सोनू माझी को उसकी मां के घर से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार टोंको बस्ती में सोनू माझी की मां किराये के मकान में रहती है। सोनू अपनी मां से दुर्गा पूजा में मिलने गया था। पुलिस को इसकी सूचना मिली और उसे घर से ही दबोच लिया। सोनू के ऊपर रांची, खूंटी और चाइबासा में कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार नक्सली से रांची पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

सरायकेला के कुचाई में हथियार के साथ अनल दस्ता का माओवादी गिरफ्तार

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड स्थित दलभंगा के जंबरो गांव में गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ ने घेराबंदी कर क्षेत्र में सक्रिय अनल दस्ता के माओवादी समोय मुंडा उर्फ डिम्पू को गिरफ्तार कर लिया है। समोय की तलाशी लेने पर उसके पास से

एक पिस्तौल और नक्सली बैनर बरामद किया गया है। क्षेत्र में हथियार के साथ समोय भ्रमण कर रहा था, ताकि किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सके। इसकी गुप्त सूचना पर सीआरपीएफ ने घेराबंदी की। सीआरपीएफ की टीम को देख कर समोय भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन सीआरपीएफ की घेराबंदी से वह निकल नहीं सका और दबोच लिया गया। समोय से पूछताछ की जा रही है। यहां बता दें कि चाइबासा और कुचाई के ट्राई जंक्शन जोम्बरो-झाझरा के क्षेत्र में पुलिस, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच पूर्व में मुठभेड़ हो चुकी है, जिसमें दो नक्सली ढेर हो गये थे, जिसमें एक महिला नक्सली भी थी। पुलिस ने मौके से हथियार भी बरामद किया था। एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल के दस्ते के खिलाफ जिला पुलिस एवं सुरक्षा बल द्वारा अभियान चलाया जा रहा था। उक्त क्षेत्र में माओवादियों द्वारा ट्रेनिंग कैम्प चलाया जा रहा था, जहां माओवादियों का प्रशिक्षित किया जा रहा था। जब सुरक्षा बल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो माओवादी उक्त क्षेत्र को छोड़ कर दूर निकल चुके थे। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और ट्रेनिंग कैम्प से खाना बनाने का सामान और अन्य सामान जब्त किये थे। इसके बाद से सुरक्षा बल लगातार उक्त क्षेत्र में अभियान चला रहा है। उक्त अभियान के कारण ही माओवादी समोय की गिरफ्तारी संभव हो सकी। कुचाई थाना प्रभारी ने बताया कि पिस्तौल व नक्सली बैनर के साथ भाकपा माओवादी का समोय मुंडा उर्फ डिम्पू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस समोय से पूछताछ कर रही है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनिरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

महिलाओं और आदिवासियों का हमेशा अपमान करती रही कांग्रेस : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बारे में कांग्रेस नेता उदित राज के बयान पर आपत्ति जतायी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि उदित ने द्रौपदी मुर्मू जैसा राष्ट्रपति किसी देश को ना मिले, ऐसा बयान देकर अपना ही नहीं, कांग्रेस का चरित्र भी उजागर किया है। कांग्रेस हमेशा से महिलाओं और आदिवासियों का अपमान करती रही है। महात्मा गांधी ने जिस गुजरात से दांडी यात्रा की शुरूआत की थी, यह बयान उस गांधीजी का भी अपमान है। आखिर कांग्रेस कब तक आदिवासियों और महिलाओं को अपमानित करती रहेगी। उदित राज को एक बार राष्ट्रपति की जीवनी पढ़नी चाहिए। राज्यपाल रहते हुए उन्होंने दो कमरों के घर में अपना गुजारा किया। कड़ी मेहनत और संघर्षपूर्ण जीवन के पथ पर चल कर आज वह देश के उच्च पद पर स्थापित हुई हैं। कांग्रेस को यह बात पच नहीं रही है कि भाजपा ने ऐसे आदिवासी

महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया। उदित के बयान के लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने सांसद मद से पहाड़ी मंदिर के समीप चंद्रवंशी धर्मशाला के नए भवन कार्य का शिलान्यास किया। भवन का निर्माण 15 लाख की लागत से किया जाना है। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि चंद्रवंशी समाज के कार्य सराहनीय हैं। समाज के लोगों को कम शुल्क पर शादी ब्याह में भवन मुहैया कराया जाता है। समाज के गरीब और असहाय लोगों की मदद करता है। इस भवन कें निर्माण हो जाने से समाज को और अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, पार्षद ओम प्रकाश सहित अन्य भी उपस्थित थे।

तनाव मुक्ति मेडीटेशन अनुभूति राजयोग कार्यक्रम में निर्मला बहन ने कहा

योगियों की छाया में ही मन की अग्नि शांत होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका निर्मला बहन ने कहा कि योगियों की शीतल छाया में ही मन की अग्नि शांत होगी। योगी ही जग से अंधकार को दूर कर प्रकाश लायेंगे। महान योगी जंगल में नहीं जाते संसार में ही रहते हैं, लेकिन सांसारिकता उनके मन में नहीं रहती। बहन जी हरमू स्थित संस्थान में अयोजित तनाव मुक्ति मेडीटेशन अनुभूति राजयोग कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आपाधापी में इंसान ने अपनी सहजता को खो दी है। जीवन की सफलता के लिए मानसिक स्थिरता और एकाग्रता जरूरी है। इसी कारण संस्थान में प्रतिदिन राजयोग की शिक्षा दी जा रही है। बहन जी ने बताया कि तनाव मुक्ति मेडीटेशन अनुभूति

शिविर सुबह साढ़े सात और शाम चार बजे से छह बजे तक संस्थान में चलता है। इससे पूर्व दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रांची के पूर्व मेयर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि अशांति का कारण ईश्वरनुभूति का अभाव है। ब्रह्माकुमारी संस्थान में ईश्वर का सान्निध्य मिलने से अकेलापन दूर होता है। मेडीटेशन यात्रा का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक अभय ने भी हिस्सा लिया। कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान के मेडीटेशन से मानसिक एकाग्रता, आत्म विश्वास और सद्गुणों से युक्त व्यक्तित्व का विकास होता है। व्यवसायी व समाजसेवी मृत्युंजय ने कहा कि शांति, चैन, सुख की खोज में भटकते आदमी को परमात्म स्मृति की छत्रछाया ही सही रास्ता प्रदान करेगी।

श्याम मंदिर में मना एकादशी उत्सव

मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ संवारा...

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ में पांपा कुंशा एकादशी उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। गुरुवार को सुबह श्रीश्याम प्रभु का श्रृंगार-पूजन किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली और शिव परिवार का भी विषेश श्रृंगार किया गया। आरती दर्शन को श्रद्धालु भक्ति की डोर से बंध खिंचे चले आये। दिनभर दर्शन-पूजन का सिलसिला चला। रात नौ बजे खाटू वाले श्रीश्याम की ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। इसके बाद प्रारंभ हुआ संकीर्तन देर रात तक चला। मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना से शुरुआत कर एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को खूब झूमाया।

मोर छड़ी लहराई रे रसिया ओ संवारा ... जैसे भजन गंगा में गोता लगाते श्रद्धालुओं की भक्ति देखते ही बन रही थी। रात 12 बजे महाआरती के साथ उत्सव संपन्न हुआ। इस बीच भक्तों ने आहुति अर्पित कर सुख-समृति की कामनाएं की। प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा, रबड़ी और केसरिया दूध का भोग लगाया। रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, विकाश पाडिया, नितेश केजरीवाल, जीतेश अग्रवाल, अनुराग पोद्दार, नितेश लाखोटिया, ज्ञान प्रकाश बागला आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

अष्टम उरांव ने झारखंड का नाम किया रोशन : मेयर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। फीफा यू-17 महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की कप्तान के रूप में अष्टम उरांव का चयन होना झारखंड के लिए गर्व की बात है।

गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के गौराटोली की इस बेटी ने न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि यह साबित कर दिया है कि झारखंड जैसे पिछड़े प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये बातें मेयर सह बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा ने कहीं। उन्होंने कहा कि गांव की पगडंडियों पर प्रैक्टिस कर विश्व स्तरीय खेल के लिए चयनित होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। झारखंड की बेटियों को अष्टम

से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। बेटियां किसी से कम नहीं, बल्कि दो कदम आगे हैं। आज के युग में सिर्फ पढ़ाई के क्षेत्र तक ही प्रतिभा सीमित नहीं है। खेल के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना कर बेटियां आगे बढ़ सकती हैं। इतिहास गवाह है कि झारखंड की मिट्टी ने क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी के खेल में बहुमूल्य व प्रतिभावान खिलाड़ियों को जन्म दिया है।

देवी-दर्शन महायज्ञ समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्रीवैष्णवी शिवराम सेवा संस्थान और देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति द्वारा आयोजित नवरात्र उत्सव कलश विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। 11वें सामूहिक सहस्त्राधिक कलश स्थापन समारोह का समापन काशी से आये आचार्य

नम आंखों से भक्तों ने मां को दी विदाई

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया। इसमें डॉ रंजीत कुमार ने सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया। यात्रा में देवी-दर्शन नाम में सजाया गया वाहन, कलशों की झांकी सबका मन मोह रही थी। ज्योंहि कलश विसर्जन शोभा-यात्रा देवी-दर्शन प्रांगण से निकली रास्ते में भक्तों का कारवां बनता चला गया। जुमार नदी में विधि-विधान से कलशों का विसर्जन किया गया। विनय सिंह, अमित कुमार सिंह, अनन्त कुश्वाहा, राहुल कुमार, कृष्णा महली, आलोक सिंह, राजिव कुमार, नेहा झा, मुनमुन सिंह, महावीर प्रसाद महतो, मनीष तिवारी, नीरज तिवारी, संदिप सहित गणमान्य लोगों ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी।

कोलकाता सीआइडी का दावा

कांग्रेस नेताओं ने पहले भी लिये थे 75 लाख रुपये

पकड़ाने से पहले भी कोलकाता के शेयर ट्रेडर से इरफान, राजेश और नमन ने लिये 75 लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। विधायक कैश कांड से जुड़े मामले में सीआइडी बंगाल ने नये खुलासे किये हैं। दावा किया है कि 20 जुलाई को इरफान अंसारी और राजेश कच्छप गुवाहाटी गये थे। 21 जुलाई को वहां से लौटने के बाद दोनों ने कोलकाता में शेयर ट्रेडर महेंद्र अग्रवाल से 75 लाख रुपये लिये थे। इसके बाद रांची लौट आये थे। सीआइडी बंगाल को पहली खेप में 75 लाख लेने से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। सीसीटीवी फुटेज भी बरामद हुए हैं। दूसरी बार, 30 जुलाई को इरफान, राजेश और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने 49 लाख रुपये महेंद्र के यहां से लिये। इसके बाद वह

जांच में पकड़े गये। बता दें कि सीआइडी की टीम ने गिरफ्तारी के बाद तीनों विधायकों से रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

सीआइडी की टीम ने इस मामले में कारोबारी महेंद्र अग्रवाल से भी पूछताछ की। सीआइडी बंगाल ने महेंद्र के लालबाजार स्थित अपार्टमेंट में छापेमारी कर 3.31 लाख कैश और 250 चांदी के सिक्के बरामद किये थे। वहीं इस मामले में मध्यस्थ की भूमिका में जिस शख्स सिद्धार्थ मजूमदार का नाम सामने आया है, उसके खिलाफ सीआइडी ने लुक आउट सर्कुलर जारी किया है। इससे पहले सीआइडी टीम सिद्धार्थ के दिल्ली स्थित घर पहुंची थी, जहां दिल्ली पुलिस ने किसी भी तरह की कार्रवाई से सीआइडी को रोक दिया था। झारखंड कांग्रेस से निलंबित तीनों विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को कलकत्ता हाइकोर्ट से झटका लगा है। हाइकोर्ट ने इनकी उस याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया, जिसमें तीनों ने मामले की सीबीआइ जांच का आग्रह किया था। अदालत ने सीआइडी को निष्पक्ष जांच जारी रखने का निर्देश दिया।

सुबोधकांत ने की अमन-चैन की कामना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर मां के दरबार में शीष नवाया। आशीर्वाद मांगते हुए राज्य के लोगों की सुख समृद्धि, शांति और देश में अमन चैन के लिए मां से प्रार्थना की। वे पहले दुर्गाबाड़ी, मेन रोड पहुंचे। फिर त्रिकोण हवन

कुंड, भुतहा तालाब दुर्गा पूजा समिति,बिहार क्लब, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, आरआर स्पोंटिंग क्लब, रातू रोड सहित कई पूजा पंडालों में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। रोहित सिन्हा और कुमार राजा मौके पर खास तौर से उपस्थित थे। विभिन्न स्थानों पर समितियों द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

युवा दस्ता ने जताया रांचीवासियों का आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुवार को युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, दुगार्पूजा आयोजक समिति और युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, सदस्यों और मां भवानी के भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी और क्षेत्रीय प्रभार, सदस्यों ने लगातार पूजा के दौरान भारी बारिश में भी सेवा कार्य किया। विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बना कर मां भवानी के दर्शन करने आये दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम किया। पूरे पूजा के दौरान युवा दस्ता के सदस्यों ने 318 बिछड़े

हुए परिवारों को मिलाने का काम किया। इसके साथ ही भीड़ में फंसे 118 एंबुलेंस ग्रीन कॉरिडोर बनाते हुए भीड़ से निकाला। मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता ने 63 बच्चों और बुजुर्गों को घर तक पहुंचाने का भी काम किया। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता छोटू, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, मनीष साहू, उपेन्द्र रजक, मंटू दुबे, नवनीत पांडेय ,अभिषेक चौधरी, टिंकू यादव, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश, साहिल, ज्योति शंकर साहू सहित दर्जनों सदस्य सक्रिय रहे।

9 अक्टूबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वन डे मैच खेला जाना है

भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के टिकटों की बिक्री शुरू, सस्ते टिकटों के लिए हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जेएससीएस स्टेडियम, रांची में 9 अक्टूबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वन डे मैच खेला जाना है। इसे लेकर गुरुवार से टिकटों की बिक्री शुरू हो गयी। टिकट की खरीद के लिए हालांकि गुरुवार को खास भीड़ नहीं दिखी। वैसे सुबह 5 बजे से ही कई दर्शक टिकटों के लिए स्टेडियम के काउंटर के आस पास जुटने लगे थे। टिकट बिक्री के लिए बनाये गये काउंटरों के आगे करीब 30 मीटर तक बैरिकेडिंग की गयी है। इसी बैरिकेडिंग में कतार लग कर खेल प्रेमियों ने टिकट लिया। टिकटों की बिक्री के लिए काउंटर नंबर 5, 6, 7 और 8 में लोग लाइन में खड़े दिखे। महिलाओं के लिए काउंटर नंबर 9

और 10 बनाया गया है। टिकट बिक्री शुरू होते ही सबसे अधिक डिमांड विंग ए, विंग सी (लोअर टियर, 1400 रुपये), विंग ए और विंग सी (अपर टियर, 1100 रुपये) के अलावे विंग बी (अपर टियर, 1500 रुपये), विंग डी (लोअर टियर, 1800 रुपये) और विंग डी (स्पाइस बॉक्स, 1700 रुपये) के लिए टिकटों की अधिक डिमांड दिखी। दोपहर 1 बजे लंच टाइम होने तक सस्ते टिकटों का शॉर्टेज हो गया। इसे लेकर टिकट लेने आये लोगों में नाराजगी भी दिखी। कइयों ने शिकायत करते कहा कि उन्हें जानबूझ कर महंगे टिकट लेने को कहा जा रहा है। सस्ते टिकट के लिए कहा जा रहा है कि यह खत्म हो चुका है। पहले ही दिन सस्ते टिकटों का समाप्त हो जाना संदिग्ध है।

इसके लिए यह लग रहा रेट

अमिताभ चौधरी पेवेलियन के लिए प्रीमियम टेरेस के टिकट का रेट 2000 रुपये, प्रेसिडेंट इनक्लोजर के लिए 10 हजार रुपये, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स के लिए 5500 रुपये, कॉरपोरेट बॉक्स के लिए 4500 रुपये और कॉरपोरेट लाउंज के लिए 8000 रुपये रेट तय किया गया है। इसके अलावा एमएस धौनी पेवेलियन के लग्जरी पार्लर के लिए टिकट का रेट 6000 रुपया है।

मैचों का मोरहाबादी मैदान में होगा लाइव प्रसारण

रांची। राजधानी के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। रांची नगर निगम एक बार फिर मोरहाबादी मैदान में क्रिकेट मैचों का लाइव प्रसारण करवाने जा रहा है। इस बार निगम 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे टी-ट्वेंटी वर्ल्ड कप के सभी मैचों का लाइव प्रसारण करवायेगा। बता दें कि इससे पहले निगम ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले का पहली बार मोरहाबादी मैदान में लगे स्क्रीन पर प्रसारण करवाया था, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह भी देखने को मिला था। वहीं, पिछली बार की तरह इस बार भी भारत अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान की टीम से भिड़ेगा। यह मैच 23 अक्तूबर को खेला जायेगा। वहीं, 16 अक्तूबर से टी-ट्वेंटी विश्व कप का आगाज हो जायेगा, जिसका पहला मुकाबला श्रीलंका और नामीबिया के बीच है। इससे पहले निगम ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले का पहली बार लाइव प्रसारण कराया था, जिसे देखने के लिए अलग-अलग इलाकों से काफी लोग जमा हुए थे। इसके अलावा मैच के दौरान सुरक्षा के लिहाज से मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी थी। वहीं, एक बार फिर टी-ट्वेंटी विश्व कप के पहले मुकाबले में भारत, पाकिस्तान से भिड़ेगा। इस पूरे टूनार्मेंट के दौरान मोरहाबादी मैदान में लगे 11 बड़े एलईडी स्क्रीन पर दर्शक मैच का आनंद उठा सकेंगे। इसके साथ ही लोग सामूहिक रूप से मैच का लुत्फ उठा सकेंगे।

दो साल बाद चिरौंदी में हर्षोल्लास से मना दसई जतरा

रांची (आजाद सिपाही)। कोरोना महामारी के दो साल बाद आदर्श ग्राम चिरौंदी में दसई जतरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव के पाहन बहादुर मुंडा ने परंपरा के अनुरूप विधि विधान से पूजा की। फिर गांव के लोगों ने पारंपारिक वेशभूषा में गीत- संगीत के साथ ढोल- नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया। रात्रि में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इसमें आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आदिवासियों की संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सदियों से यहां जतरा मेला का आयोजन होता आ रहा है। इसमें शादी के लायक हो चुके युवक- युवतियों को एक- दूसरे को पसंद करने की मान्यता है। यहां के जतरा मेला की कई विशेषताएं हैं। एक तरफ जहां लोग उत्सव मनाते हैं, वहीं लोगों को इस महोत्सव के बहाने अपनों से मिलने का अवसर मिलता है।

पिकनिक मनाने परिवार के साथ पेरवाघाघ पहुंचे सीएम

पार्टी नेताओं और मीडिया को जाने से रोका, तपकारा में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार कों परिवार के साथ पिकनिक मनाने जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ पहुंचे। पारिवारिक कार्यक्रम होने के कारण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ ही मीडिया के पेरवाघाघ जानें से रोक दिया गया। पेरवाघाघ जाने के क्रम में मुख्यमंत्री तपकारा के शहीद स्थल पर रुके और 2001 के गोलीकांड में मोरे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुदीप गुड़िया, उदय शंकर चौधरी सहित कई नेताओं ने तपकारा में मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का अतिरिक्त प्रभार

रांची (आजाद सिपाही)। के रवि कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड को अगले आदेश तक सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली ने तीन अक्टूबर को अपनी सहमति दे दी है। इस संबंध में गुरुवार को राज्यपाल के आदेश से झारखंड सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

समस्त बैंक कर्मचारियों ने अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ का 38वां स्थापना दिवस मनाया

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआइबीओसी) के 38वें स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआइबीओसी) झारखंड राज्य इकाई के सलाहकार कॉमरेड सुनील लकड़ा के नेतृत्व में बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संघ के अतिथि गृह में दिनांक 6 अक्टूबर को केक काट कर 38वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस खास अवसर पर कॉमरेड लकड़ा ने बैंक के अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन के 37 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी और केंद्र सरकार की निजीकरण नीति के खिलाफ मजबूती से आवाज बुलंद करने हेतु सभी बैंकर्स का आह्वान किया। राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव ने बताया कि 6 अक्टूबर 1985 बैंकिंग ट्रेड यूनियन आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में एक युगांतकारी दिन के रूप में याद किया जाता है। एआइबीओसी अपने स्थापना के साथ ही पूरी ताकत से पंख फैलाया हुए आज पूरे बैंकिंग उद्योग में एक प्रमुख शक्तिशाली संगठन के रूप में खड़ा है और बैंक के निजीकरण के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर रहा है। आज विरासत बचाने, अधिकारियों के समुदाय की गरिमा को बनाये रखने, उनके बलिदान और संघर्ष की गाथा को याद करने का दिन है। झारखंड राज्य के समस्त बैंक कर्मचारी एवं नेतागण द्वारा देश के आम लोगों और गरीबों की हितों की रक्षा करने, राष्ट्रीय संपत्ति को बचाने, पूरी ताकत से नापाक मंसूबों को विफल करने हेतु निरंतर आंदोलन का निर्माण करने, कारपोरेट लूट के विरोध में आगे बढ़ने और एआइबीओसी के झंडे को ऊंचा बनाये रखने हेतु सत्य निष्ठा की प्रतिज्ञा ली गयी। साथ ही साथ पूरे देशभर में चलाये जा रहे बैंक बचाव, देश बचाव मुहिम को समस्त सरकारी कर्मचारियों, संस्थाओं और देशवासियों के बीच लोकप्रिय करने की बात की। मौके पर अध्यक्ष कॉमरेड अखिलेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कॉमरेड भरत लाल ठाकुर, मनीष नारायण, कृष्णा कुमार, अमित कुमार, धीरज, हरीश चंद्र मुर्मू, उमेश कुमार सिन्हा, राजन कुजुर, मनोज, उज्जवल मुखर्जी, राजेंद्र लकरा, धनंजय कुमार सिंह, निशांत वर्मा, संजय कुमार, ईशान राज और संजय कुमार उपस्थित थे।

कांके होचर में दशहरे के साथ भव्य रावण दहन कार्यक्रम : हरिनाथ साहू

रांची (आजाद सिपाही)। कांके, होचर गांव में विजयदशमी के दिन मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन के पूर्व भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा विजयदशमी के दिन सदियों से चले आ रहे रावण दहन कार्यक्रम हम सबों को संदेश और प्रेरणा स्वरूप असत्य पर सत्य की,अधर्म पर धर्म की एवं बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मानकर अपने जीवन में अज्ञानता,अहंकार, कामना,क्रोध और लोभ का त्याग कर एक आदर्श समाज का हिस्सा बनकर नए भारत के निर्माण में हम सबों को सामूहिक प्रयास करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित कुमार साहू एवं संचालन भाजपा नेता शत्रुघ्न साहू व दिलीप साहू ने किया। आयोजन में मुख्य रूप से कांके के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, कांके थाना के इंस्पेक्टर बृज कुमार सिंह, कांके प्रखंड विकास प्राधिकारी शीलवंत भट्ट, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहायक वैज्ञानिक दिनेश रुसिया,आशीष कुमार,भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, प्रशांत बैठा, राम लाल साहू, राजेंद्र महतो, बेनी साहू,पंकज साहू, निरंजन साहू, दिलीप साहू, डॉ धनेश्वर साहू,विजय साहू, दीपक कुमार, मुकेश प्रजापति, दशरथ साहू शामिल हुए।

झारखंड सरकार की विफलताओं का तीन साल : हरिनाथ

रांची (आजाद सिपाही)। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत झारखंड सरकार अपनी 3 वर्षों की विफलताओं का रिपोर्ट कार्ड जनता तक पहुंचाने का कार्यक्रम तय किया हैं। झारखंड सरकार 3 वर्षों में पूरी तरह विफल साबित हुआ है। अपने चुनावी घोषणा पत्र में 1 वर्ष के अंदर पांच लाख बेरोजगार शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी एवं सभी अनुबंध कर्मियों को नियमित करने के साथ-साथ नौकरी नहीं दे पाने की अवस्था में उन्हें बेरोजगारी भत्ता देने का घोषणा क्यों अधूरा रह गया यह उनके अफसर गांव-गांव में जाकर लोगों को बताएंगे। इस राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के तहत व्यवसायियों की हत्या, लूट, गौ तस्करों की दबंगई, राजनीति एवं माइंस क्षेत्र में अपने परिवार को बढ़ावा देने,महिला उत्पीड़न एवं अप्रत्याशित बलात्कार की घटनाओं की बढ़ोतरी हुई है।

लोहरदगा में अधेड़ महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

दुष्कर्म के आरोपी पुलिस के दोनों जवान गिरफ्तार

महिला की हालत गंभीर, रिम्स रेफर, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिले में मानवता को शर्मसार करते हुए जनता के रक्षक पुलिस के दो जवानों द्वारा एक अधेड़ महिला से सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की घटना प्रकाश में आई है। महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उधर, महिला थाना द्वारा पीड़िता का बयान लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है।

इधर लोहरदगा दुष्कर्म मामले के आरोपी जवान कमल कांत तिवारी और अजय बाड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आर राम कुमार ने रात के 9 बजे प्रेस को यह जानकारी दी। दुष्कर्म का आरोप सेरेंगदाग पिकेट के दो जवानों पर लगा था। बताया जाता है कि बलत्कार के आरोपी पुलिसकर्मी नशे की हालत में थे। महिला खेत में घास काटने गयी थी। इसी दौरान उन्होंने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने कहा कि इस मामले की पुलिस ने निष्पक्ष जांच कर रही है। इसके तहत ही दोनों आरोपी पुलिस जवानों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के मुताबित पेशरार प्रखंड अंतर्गत सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के तुईमू में 50 वर्षीय एक महिला के साथ कथित रूप से पुलिस के दो जवानों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। यही नहीं, महिला के गुप्तांग पर अप्राकृतिक अत्याचार भी किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कई महिलाएं अस्पताल पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगीं।

पीड़ित महिला ने बताया कि मंगलवार को तुईमू पाट स्थित अपने मकई खेत में घास काटने गयी थी, तभी सेरेंगदाग पिकेट के दो पुलिस कर्मियों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोप है कि दुष्कर्मियों ने उसके प्राइवेट पार्ट पर भी हमला किया। वह किसी तरह जान बचा कर वहां से ब्भाग कर अपने घर आयी। उसके गुप्तांग से खून निकलने लगा, तो उसके बेटे को फोन किया गया। इसके बाद बेटे ईश्वर उरांव ने रात दो बजे पीड़िता को लोहरदगा सदर अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

वहीं, घटना की सूचना पाकर जांच करने पहुंची महिला थाना प्रभारी निविदा महतो ने बताया कि महिला का बयान ले लिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा, उसे सख्त सजा दिलाना उनकी जिम्मेदारी है।

आरोपी पुलिस कर्मियों को मिले कठोर दंड : सांसद सुदर्शन भगत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। पेशरार प्रखंड के तुईमू ग्राम में कथित रूप से सेरेंगदाग पुलिस आइआरबी जवानों द्वारा 50 वर्षीय आदिवासी महिला से हुए दुष्कर्म को लेकर सांसद सुदर्शन भगत ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। कहा कि यह मामला बहुत ही शर्मनाक है। आरोपियों को अविलंब निलंबित करते हुए उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए। लोहरदगा एसपी ने मांग की कि दोनों आरोपित पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा गये थे हाथी भगाने, खुद चपेट में आने से बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। सिमडेगा विधायक चले थे हाथी भगाने, चपेट में आने से बाल-बाल बचे। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दिनभर आधा दर्जन गांव में पैदल घूम-घूम कर हाथी भगाने की सामग्री बांटने के बाद सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा देर शाम तक खुद मशाल लेकर हाथियों को भगाते हुए नजर आये। इस दौरान विधायक भूषण बाड़ा बिरनीबेड़ा गांव में हाथियों की चपेट में आने से बाल-बाल बच गये।

क्या-क्या हुआ : बुधवार की देर शाम सात बजे विधायक भूषण बाड़ा बिरनीबेड़ा सहित जोगबहर, थोलकोबेड़ा, टोंगरीटोली, भवरपानी, भंडार टोला आदि गांव में घूम-घूम कर हाथ में मशाल लेकर पैदल ही हाथियों के झुंड को भगा रहे थे। इसी दौरान बिरनीबेड़ा गांव में लगभग 22 की संख्या में हाथियों का झुंड विधायक के बहुत करीब आ गया। किसी तरह विधायक वहां से निकलने में सफल रहे। हालांकि, इसके बाद भी विधायक का हौसला कम नहीं हुआ। वह हाथियों को खदेड़ने में डटे रहे और ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते रहे।

ग्रामीणों में हाथी भगाने के लिए बांट रहे सामग्री : विधायक बुधवार को दिनभर हाथी प्रभावित ग्रामीणों के साथ ही रहे और उनके बीच हाथी भगाने के लिए जुट का बोरा, मोबिल, ट्रार्च, पटाखा आदि सामान बांटते हुए हाथियों को खदेड़ने की रणनीति बनाते रहे। इसके पहले से भी विधायक का सहयोग गांववालों को मिल रहा है।

वन विभाग का नहीं मिला साथ : हालांकि, विधायक के इस प्रयास में वन विभाग का साथ नहीं मिला, जिस पर विधायक विभाग के प्रति आकोशित हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग के कर्मी लापरवाह हो गये हैं। कुछ दिन पूर्व ही गांव पहुंच कर जल्द हाथियों को खदेड़ने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी विभाग के कर्मी कुंभकर्णी नींद में सोये हुए हैं। विधायक ने कहा कि ऐसे लापरवाह कर्मचारियों की सरकार को जरूरत नहीं है। वन कर्मियों ने हाथियों को भगाने का इंतजाम नहीं किया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

हाथियों ने आधा दर्जन घरों को किया क्षतिग्रस्त : विधायक भूषण बाड़ा ने बताया कि हाथियों ने आधा दर्जन ग्रामीणों के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिसमें दिब्यानी केर-केट्टा, जोसेफ बिलुंग, दिलीप बिलुंग, जेवियर बिलुंग, सिरिल बिलुंग, अशोक बिलुंग शामिल हैं। वहीं, लगभग डेढ़ दर्जन किसानों के खेतों में लगी फसल को भी बर्बाद कर दिया ।विधायक ने जल्द से जल्द प्रभावितों के बीच मुआवजा का वितरण करने की मांग की है।

पंकज एंड कंपनी ने 412 ट्रक स्टोन चिप्स बिहार और बंगाल भेजे

इडी की जांच में हुआ खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इडी जांच में खुलासा हुआ है कि पंकज मिश्रा एंड कंपनी ने इस साल जून महीने में 412 ट्रक स्टोन चिप्स अवैध तरीके से बिहार और बंगाल भेजे थे। इडी ने पंकज मिश्रा, उनके सहयोगी बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश के खिलाफ दायर चार्जशीट में यह खुलासा किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि इस साल 1 जून से लेकर 26 जून तक कुल 1844 स्टोन चिप्स लदे ट्रक पंकज मिश्रा, राजेश यादव उर्फ ??दाहू यादव द्वारा नियंत्रित गंगा नदी में फेरी सेवा के माध्यम से बिहार, बंगाल और अन्य स्थानों पर भेजे थे। इन 1844 में से 412 ट्रकों में बिना खनन चालान के स्टोन चिप्स ले जाते पाये गये। ये 412 ट्रक रोजाना अवैध रूप से खनन किये गये स्टोन चिप्स ढोते पाये गये थे। इस तथ्य की पुष्टि साहिबगंज जिला खनन अधिकारी विभूति कुमार ने की है। उन्होंने अपनी 60 पृष्ठों की रिपोर्ट में पुष्टि की है कि इन ट्रकों में अवैध रूप से खनन किये गये स्टोन चिप्स थे। कुछ ट्रक दाहू यादव और पंकज मिश्रा के करीबी सहयोगियों के हैं। विभूति कुमार ने कहा है कि पंकज मिश्रा अवैध खनन में शामिल थे। इडी को दिये एक बयान में उन्होंने कहा कि जिन 412 ट्रकों की पहचान की गयी, उनका कभी कोई खनन चालान जारी नहीं किया गया। बताया जाता है कि डीएमओ ने आगे कहा था कि पंकज मिश्रा ने अवैध खनन करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया था।

इडी साहिबगंज में अवैध खनन मामलों की जांच कर रहा है, और बहुत जल्द इडी इस मामले में बड़ी कार्रवाई करेगा। यह अवैध खनन के साक्ष्य का एक और दूसरा सेट है, जिसे इडी ने विशेष पीएमएलए अदालत को सूचित किया है। इडी पहले ही अदालत को बता चुका है कि 2020 के बाद से साहिबगंज और आसपास के इलाकों में रेलवे के कई लोडिंग पॉइंट्स से बिना किसी खनन चालान के 3531 रेक स्टोन चिप्स विभिन्न इलाकों में भेजे गये। अवैध खनन से हुई आय को राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान किये अवैध रूप से विभिन्न गंतव्यों पर ले जाया गया, जिससे राज्य सरकार को 155 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

तीन दिवसीय कैथोलिक युवा सम्मेलन का समापन

प्रभु इशु के प्रेम को अपने अंदर जलाये रखें : अपोस्तोलिक नून्सीयो

समापन समारोह में भारत में पोप के दूत अपोस्तोलिक नून्सीयो आर्च बिशप लियोपोल्दो गिरेल्लि भी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड़। प्रखंड अंतर्गत संत जोसेफ चर्च परिसर में सोमवार को शुरू हुआ तीन दिवसीय कैथोलिक झान (झारखंड और अंडमान निकोबार) यूथ मीट का बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर पोप के दूत अपोस्तोलिक नून्सीयो आर्च बिशप लियोपोल्दो गिरेल्लि, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पलामू प्रमंडल के डीआइजी राजकुमार लकड़ा, एसपी अंजनी अंजन, विधायक रामचंद्र सिंह, एसडीओ नीत निखिल सुरीन, डीएसपी राजेश कुजूर, दंडाधिकारी जितेन्द्र कुमार, बीडीओ अमरेन डांग, ऑल इंडिया महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेटा डिसूजा, झारखंड और अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लगभग 5000 कैथोलिक युवा के साथ ही 200 कैथोलिक पुरोहित और 200 स्वंयसेवक भी मौजूद थे। समापन कार्यक्रम में शामिल होने आए पोप के दूत अपोस्तोलिक नून्सीयो आर्च बिशप लियोपोल्दो गिरेल्लि का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया। जिसके बाद उन्होंने युवाओं के लिये अंग्रेजी में पवित्र मिस्सा किया। उन्होंने अपने मिस्सा संदेश में महुआडांड़ सहित पलामू प्रमंडल की सुंदरता की सराहना की। साथ ही युथ मीट में दिए गए नवयुवकों को संदेश में ईशु के प्रेम को अपने अंदर जलाए रखने को कहा जिससे लोग उनकी ओर आकर्षित हो। इस मौके पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने भी लोगों को संबोधित किया।

गिरिडीह में माहौल बिगाड़ने की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड के गिरिडीह जिले के पचंबा थाना क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने की साजिश रची गयी। तेलोडीह स्थित एक मस्जिद में कुछ असामाजिक तत्वों ने घुस कर माहौल बिगाड़ने के लिए कुकृत्य को अंजाम दिया। आरोप है कि पचंबा के ही रहनेवाले एक शख्स ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मस्जिद में घुस कर पेशाब कर दिया। आरोपियों को पेशाब करते हुए मस्जिद के ही एक नमाजी ने देख लिया, जिसके बाद हो-हल्ला किया। स्थानीय ग्रामीण जुट गये। ग्रामीणों ने इन चारों लोगों को पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया। इस घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने जम कर हंगामा किया। घंटों तक सड़क जाम रखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक अमित रेनू और उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा भारी सुरक्षा बल के साथ पहुंचे और आरोपी युवकों को बंद कमरे से निकाल कर पहले पिटाई की और फिर उन्हें हिरासत में ले लिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने जम कर बवाल काटा। कुछ युवकों ने मौजूद वाहन को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। हालांकि, समय रहते पुलिस प्रशासन ने मामले को संभाल लिया और लोगों को समझा-बुझा कर शांत कर दिया है। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है।

चार आरोपी गिरफ्तार

गिरिडीह एसपी अमित रेनू ने भी कहा कि इस तरह की घिनौनी हरकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी की गयी है। सख्ती से पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

खोरधारोड मंडल ने शुरू की पेयजल की आपूर्ति

नराज के जलापूर्ति से कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ एवं शुद्ध जल प्राप्त करने में लाभ होगा

खोरधारोड सेटलमेंट में 1800 से अधिक रेल आवासों और सेवा भवनों में पेयजल की आपूर्ति की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने महानदी से खोरधारोड सेटलमेंट तक पेयजल आपूर्ति का उद्घाटन किया। नराज से पीने योग्य पानी हिल टॉप टैंक में एकत्र किया जा रहा है और खोरधारोड में रेल आवासों और सेवा भवनों में वितरित किया जा रहा है। रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड द्वारा ओडिशा सरकार के जन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से महानदी से खोरधारोड सेटलमेंट तक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने की पहल की गयी। परियोजना की आधारशिला अप्रैल के महीने में रखी गयी थी और परियोजना पांच महीने के भीतर पूरी हो गयी। जटनी थाना क्षेत्र से बड़ी मस्जिद छक और जटनी टाउन हॉल होते हुए पहाड़ी की चोटी के टैंक तक पानी की पाइप लाइन बिछायी गयी। पहले दया नदी का पानी फिल्टर हाउस में एकत्र किया जाता है, फिल्टर और क्लोरोनेशन के बाद, पानी की आपूर्ति रेल आवासों और सेवा भवनों में आपूर्ति की जाती है। अब दया नदी के पानी का इस्तेमाल ट्रेनों और स्टेशन परिसर की सफाई के लिए भी किया जायेगा। महानदी के जलापूर्ति से कर्मचारियों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ, शुद्ध जल प्राप्त करने में लाभ होगा। खोरधारोड सेटलमेट में 1800 से ज्यादा रेल आवासों और सेवा भवनों हैं। खोरधारोड सेटलमेंट के सभी रेलवे क्वार्टरों और सेवा भवनों में प्रतिदिन लगभग चालीस लाख लीटर पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। मंडल से गुजरने वाली कोचिंग ट्रेनों में पानी भरने के लिए भी महानदी पानी की आपूर्ति बढ़ायी जायेगी।

सिमडेगा में विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पथराव, पुलिस जवान घायल

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस में तैनात एक पुलिसकर्मी पत्थरबाजी की घटना में घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। दशहरा विजय शोभायात्रा शहरी क्षेत्र के मुख्य पथों से होते हुए भट्ठी टोली पहुंची। भट्ठी टोली के गोलघर के पास अज्ञात लोगों ने पथराव करना शुरू कर दिया। इस पथराव से एक पुलिस जवान घायल हो गया। उसे तत्काल साथी पुलिसकर्मियों ने गाड़ी में बैठाकर सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया। उक्त घटना के बाद घटनास्थल पर पुलिस की तैनाती और बढ़ा दी गयी।

खोरधारोड मंडल ने फिर सितंबर-2022 में बनाया रिकॉर्ड

माल लदान में शीर्ष स्थान हासिल किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे के खोरधारोड मंडल ने सितंबर-2022 के महीने में भारतीय रेलवे पर माल ढुलाई में शीर्ष स्थान हासिल किया । यह लगातार दूसरी बार है कि मंडल ने चालू वित्तीय वर्ष में शीर्ष स्थान हासिल किया है । खोरधारोड मंडल ने सितंबर-2022 में 12.46 मिलियन टन का माल लदान किया है, जो सितंबर-2021 में पिछले साल की लदान से 6.04% अधिक है और साथ ही 1193 करोड़ रुपये के राजस्व अर्जन का रिकार्ड भी बनाया। मानसून के मौसम में परिचालन संबंधी कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद इसे हासिल किया गया।

खोरधारोड मंडल द्वारा चालू वित्त वर्ष में अर्थात 1 अप्रैल-2022 से 30 सितंबर-2022 तक कुल माल ढुलाई 76.35 मिलियन टन है, जो वर्ष 2022-2023 के लिए संचयी लदान में भारतीय रेलवे पर तीसरा सबसे बड़ा लदान मंडल है। सितंबर 2022 में, तालचेर, पारादीप, धामरा, मेरामंडली आदि विभिन्न लदान प्वॉइंटों से मंडल द्वारा प्रतिदिन औसतन 112 रेक माल लदान किया जाता है। लदान किये गये विभिन्न माल कोयला, उर्वरक, सीमेंट, लौह अयस्क, कच्चा माल आदि हैं जो देश भर में विभिन्न बिजली घर, निर्माण कंपनियां, उत्पादन इकाइयां और उद्योग को परिवहन किया जाता है।

रिंकेश रॉय, मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड ने माल लदान में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की और सभी को आने वाले दिनों में भी उसी समर्पण और उत्साह के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

आस्था का सैलाब

मां की महिमा अपरंपार है। दुर्गा पूजा के अवसर पर राजधानी रांची में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। एक अनुमान के मुताबिक सप्तमी से लेकर दशमी तक हर दिन लगभग तीन लाख लोगों ने रांची के विभिन्न पूजा पंडालों में मां के दर्शन किये। इन्हीं में से एक पंडाल था अल्बर्ट एक्का चौक पर चंद्रशेखर आजाद क्लब का। 1993 में शाम सात बजे यहां हुए बम विस्फोट की एक घटना के बाद कोई भक्त आना नहीं चाहता था। लेकिन हाल के वर्षों में चंद्रशेखर आजाद क्लब के पूजा पंडाल में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। 2022 में यहां सप्तमी के दिन से भक्तों का जो रेला शुरू हुआ, वह दशमी के दिन तक नहीं थमा। 2022 में यह पूजा पंडाल रांची के सेलिब्रेटी की पहली पसंद बन गया। आम से लेकर खास तक, बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी की उपस्थिति यहां देखी गयी। यह दो कारणों से हुआ। एक तो यहां जगह बहुत बड़ी थी, शहर के बीचोबीच यह स्थित था और दूसरे समाजसेवी रमेश सिंह की अगुवाई में चंद्रशेखर आजाद क्लब की टीम ने भक्तों की सेवा में अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। सभी यहां मान-सम्मान पा रहे थे।

चंद्रशेखर आजाद क्लब में दुर्गा पूजा के अवसर पर जीवंत झांकी।

रांची के विधायक सीपी सिंह को सम्मानित करते रमेश सिंह।

भाजपा के महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहु रमरेश सिंह के हाथों सम्मान पाते हुए।

कांके के विधायक समरीलाल भी रमेश सिंह के हाथों सम्मान पाते हुए।

रांची की मेयर और भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा का सम्मान करते विनय सिंह।

चंद्रशेखर आजाद क्लब का भव्य पूजा पंडाल। यहां हर भक्त मां के दर्शन को स्वतः खींचे चले आते थे।

भाजपा विधायक दल केनेता बाबूलाल मरांडी भी प हुंचे चंद्रशेखर आजाद क्लब में मां के दर्शन को।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और रांची के सांसद संजय सेठ का सम्मान करते रमेश सिंह।

रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजय वर्गीय का सम्मान करते रमेश सिंह।

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का सम्मान करते रमेश सिंह।

कांग्रेस नेता और पूर्व गृह राज्यमंत्री सुबोध कांत सहाय को चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित करते।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी का सम्मान करते रमेश सिंह।

दुर्गा पूजा के अवसर पर वाराणसी की तर्ज पर चंद्रशेखर आजाद क्लब में भव्य गंगा आरती का दृश्य। हजारों हजार की भीड़ इसकी गवाह बनी।

चंद्रशेखर आजाद क्लब में मां के दर्शन को आये भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी का चुनरी ओढ़ा कर सम्मान करते रमेश सिंह।

दुर्गा पूजा के अवसर पर रमेश सिंह की अगुवाई में चंद्रशेखर आजाद क्लब में भव्य आरती का दृश्य। आस्था मा समंदर उमड़ आया था।

इंसानी डीएनए की गुत्थियां

इस साल मेडिसिन के लिए मिला नोबेल पुरस्कार न केवल हमारे सुदूर अतीत से, बल्कि वर्तमान और काफी हद तक भविष्य से भी दिलचस्प ढंग से जुड़ा है। नोबेल विजेता स्वीडिश जेनेटिस्ट स्वांते पाबो की खोज इस अर्थ में तो अहम है ही कि यह 40,000 साल पहले विलुप्त हो चुकी मानव प्रजातियों के जीन समूहों का अध्ययन करके आज के मनुष्यों से उनकी तुलना करती है, लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि इसने मानवीय ज्ञान की एक बिल्कुल नयी खिड़की खोल कर उसके विस्तार की असीम संभावनाओं से परिचित कराया है। उन्हें पैलियोजेनेटिक्स के संस्थापकों में माना जाता है। पैलियोजेनेटिक्स ज्ञान की वह शाखा है, जिसमें प्राचीन जीवों के जेनेटिक मटीरियल के जरिए इतिहास का अध्ययन किया जाता है। पाबो ने वैज्ञानिकों को वह नयी मेथडॉलजी दी, जिसके आधार पर अत्यंत प्राचीन मानव जातियों की हड्डियों के अवशेषों से डीएनए निकाल कर उनका अध्ययन करना संभव हुआ। इस लिहाज से देखें तो पाबो का योगदान दो स्तरों पर है। एक तो यह कि अपने प्रयासों से उन्होंने मनुष्य के क्रमिक विकास से जुड़ी कई जटिल गुत्थियां सुलझायीं। दूसरे यह कि जो गुत्थियां अभी नहीं सुलझ पायी हैं, उन्हें सुलझाने के लिए जरूरी कई उपकरण उन्होंने मुहैया करा दिये हैं, जो आगे रिसर्चर्स के काम आने वाले हैं। नोबेल पुरस्कार समिति ने भी कहा है कि स्वांते पाबो ने आज के इंसान की सबसे करीबी विलुप्त हो चुकी रिश्तेदार प्रजाति नियंडर्थल की जीनोम सीक्वेंसिंग का असंभव समझा जाने वाला कार्य कर दिखाया। यही नहीं उन्होंने उस समय तक अनजान रही एक विलुप्त प्रजाति डेनिसोवा की भी खोज की। इन दोनों मूल प्रजातियों से आज का इंसान किन अर्थों में समान और किन अर्थों में अलग है, यह जानकारी न केवल दिलचस्प बल्कि बेहद उपयोगी भी हो सकती है। पाबो का एक और कमाल यह स्थापित करना है कि जीन का प्रवाह नियंडर्थल से होमो सैपियंस (आज के इंसान) में हुआ था। मतलब यह कि जिस दौर में दोनों प्रजातियां एक साथ इस पृथ्वी पर मौजूद थीं, तब दोनों की संयुक्त संतानें भी हुई थीं। इस दिलचस्प जानकारी की सार्थकता इस बात में भी है कि विभिन्न मानव प्रजातियों के बीच जीन के स्थानांतरण का प्रभाव इम्यून सिस्टम पर पड़ता है। यानी इससे यह स्पष्ट हो सकता है कि आज मानव शरीर विभिन्न संक्रमणों पर किस तरह से रिएक्ट करेगा। कोरोना वायरस के जानलेवा संक्रमण के दौर से उबर रही दुनिया में इस जानकारी की अहमियत अलग से बताने की जरूरत नहीं है। बहरहाल, अभी इस क्षेत्र में बहुत काम होना बाकी है।

जिस दौर में दोनों प्रजातियां एक साथ इस पृथ्वी पर मौजूद थीं, तब दोनों की संयुक्त संतानें भी हुई थीं। इस दिलचस्प जानकारी की सार्थकता इस बात में भी है कि विभिन्न मानव प्रजातियों के बीच जीन के स्थानांतरण का प्रभाव इम्यून सिस्टम पर पड़ता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि डिजिटल इंडिया भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने की दृष्टि से भारत को नयी दिशा दे सकता है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का दृष्टिकोण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है। डिजिटल इंडिया भारत सरकार की एक अनोखी कहें या विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी विभागों को देश की जनता से जोड़ना है।

डिजिटल इंडिया से श्रेष्ठ भारत का सफर

प्रो मनोज डोगरा

5जी सेवाओं के शुरू होने से भारत में जहां शहरों की जनता को इसका लाभ मिलेगा, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की भी तस्वीर बदलेगी। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देश को एक नयी दिशा मिली है, लेकिन इस हाई स्पीड डाटा का प्रयोग युवा पीढ़ी सकारात्मक तरीके से प्रयोग में करेगी, तो उनके लिए बहुत ही ज्यादा ज्ञानवर्धक होगा, इसलिए युवा पीढ़ी इसका सदुपयोग करे, न कि दुरुपयोग करना चाहिए, तभी युवाओं को 5जी नयी दिशा प्रदान कर सकता है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि डिजिटल इंडिया भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने की दृष्टि से भारत को नयी दिशा दे सकता है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का दृष्टिकोण भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलना है। डिजिटल इंडिया भारत सरकार की एक अनोखी कहें या विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य सरकारी विभागों को देश की जनता से जोड़ना है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि बिना कागज के इस्तेमाल के सरकारी सेवाएं इलेक्ट्रॉनिक रूप से जनता तक पहुंच सकें।

इस अभियान के तहत देश की ऑनलाइन व्यवस्था में सुधार होगा और सामान्य नागरिकों को आसान ऑनलाइन सरकारी सुविधा दी जायेगी।

इस योजना का एक उद्देश्य ग्रामीण इलाकों को उच्च गति के इंटरनेट के माध्यम से जोड़ना भी है। डिजिटल इंडिया के 3 मुख्य लक्ष्यों के इर्द-गिर्द संचालित एक व्यापक प्रक्रिया है, जिसमें डिजिटल आधारभूत ढांचे का निर्माण करना, इलेक्ट्रॉनिक रूप से सेवाओं को जनता तक पहुंचाना व डिजिटल साक्षरता जैसे लक्ष्यों को हासिल कर देश को तकनीक के क्षेत्र में एक अलग मुकाम पर पहुंचाना है।

डिजिटल भारत का तीसरा घटक डिजिटल साक्षरता है। डिजिटल साक्षरता यानी डेस्कटॉप, पीसी, लैपटॉप, स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का ज्ञान होना। यदि लोगों को इन सभी उपकरणों का ज्ञान नहीं होगा, तो वे इनका ठीक से उपयोग नहीं कर पायेंगे।

भ्रष्टाचार पर रोक लगाना, साक्षरता की दर को बढ़ावा देना तथा ऑनलाइन पेमेंट, सामान मंगवाना, राशन कार्ड नंबर, ड्रोन सुविधा को सशक्त करना, समय की बचत, तकनीकी विकास, कम खर्चे इत्यादि कई ऐसे पहलू है, जिनको साकार करने के लिए डिजिटल इंडिया निरंतर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

विश्व के विकसित देशों में भारत को लाने के लिए भारत सरकार द्वारा किया गया एक प्रयास यानी डिजिटल भारत प्रोग्राम। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश को विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सशक्त रूप से आगे बढ़ा कर भारत को डिजिटल बनाना है। क्योंकि आज के आधुनिक युग में जिस देश ने विज्ञान और तकनीक को अपना लिया है, वह देश एक शक्तिशाली और महासत्ता बनकर उभरा है। इसी कारण हमें एक ऐसे अभियान की जरूरत थी जो भारत को डिजिटल रूप से मजबूत बनाए।

इस अभियान के तहत देश की ऑनलाइन व्यवस्था में सुधार होगा और सामान्य नागरिकों को आसान ऑनलाइन सरकारी सुविधा प्रदान की जायेगी। यह अभियान गांव और शहर के पिछड़े लोगों के लिए बहुत उपयोगी है। इस अभियान से लोग तेजी से इंटरनेट सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

डिजिटल इंडिया की शुरुआत : इस अभियान की शुरुआत हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 जुलाई, 2015 को नयी दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में की थी। इस अभियान का उद्घाटन साइरस मिस्त्री, अजीम प्रेमजी और मुकेश अंबानी जैसे देश के दिग्गज उद्योगपतियों की उपस्थिति में किया गया था। इस अभियान के तहत इ-शिक्षा, इ-स्वास्थ्य, डिजिटल लॉकर और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल जैसी कई अलग-अलग योजनाएं शुरू की गयीं।

इसके अलावा भारत के कई आइटी संस्थान सेवाएं और सरकारी सेवाओं को देश के हर नागरिक तक आसानी से पहुंचाने के लिए डिजिटल इंडिया एक महत्वपूर्ण पहल है। डिजिटल भारत के तीन मुख्य घटक डिजिटल भारत का सबसे पहला घटक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर है। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी भारत के हर क्षेत्र में डिजिटल सेवाएं पहुंचाने के लिए एक मजबूत और बुनियादी ढांचा तैयार करना।

इसमें विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर अधिक बल दिया गया है, क्योंकि आज भी भारत के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और नेटवर्क नहीं पहुंचा है। इस अभियान का दूसरा मुख्य घटक डिजिटल सेवा का वितरण करना है। यानी भारत सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी सहायता या सेवा का डिजिटल रूप से सही वितरण करना। इससे देश में भ्रष्टाचार को भी काफी हद तक रोका जा सकता है, क्योंकि अगर हमारे पैसों की सारी लेन-देन डिजिटल हो जाएगी तो इन सभी लेन-देन पर हमेशा सरकार की नजर होगी।

डिजिटल भारत का तीसरा घटक डिजिटल साक्षरता है। डिजिटल साक्षरता यानी डेस्कटॉप, पीसी, लैपटॉप, स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों का ज्ञान होना। यदि लोगों को इन सभी उपकरणों का ज्ञान नहीं होगा तो वे इनका ठीक से उपयोग नहीं कर पायेंगे। डिजिटल इंडिया के तहत सभी काम ऑनलाइन हो जायेंगे। उसके साथ-साथ पैसों का लेन-देन और भुगतान भी ऑनलाइन किया जायेगा। जिससे हमारी सरकार इन सभी कार्यों और पैसों के लेन-देन पर नजर रख सकती है।

सरकार यह भी जान सकेगी कि किसने टैक्स का भुगतान किया है और किसने नहीं। इससे देश का कोई भी व्यक्ति टैक्स चोरी, कालाबाजारी और भ्रष्टाचार नहीं कर सकेगा। जब भ्रष्टाचार कम होगा तो देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत बनेगी। डिजिटल सुविधाओं से सरकारी कार्यालयों में लगी लाइनों से छुटकारा मिलेगा।

जमशेदपुर की खबरें

महानवमी में पूर्व मुख्यमंत्री ने सपरिवार किया 121 कन्याओं का पूजन

बेटियां है अभिमान, राष्ट्र की प्रगति का बेटियां बन रहीं आधार : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में महानवमी के शुभ अवसर पर आयोजित कन्या पूजन में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास सपरिवार शामिल हुए। मंगलवार को उन्होंने धर्मपत्नी रुक्मणि देवी एवं सुपुत्र ललित दास के संग मंदिर प्रांगण में हवन करने के उपरांत मां दुर्गा की आरती कर शक्तिस्वरूपा कन्याओं का पूजन किया।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नौ कन्याओं का पूरे विधि-विधान से पूजन किया व उनसे आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर प्रांगण में 112 छोटी कन्याओं को अपने हाथों से हलवा, पूरी-सब्जी, खीर और चटनी के रूप में भोग खिलाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन के पश्चात कन्याओं को भेंट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्राचीन पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। महानवमी के पावन अवसर पर माता रूपी कन्याओं का पूजन कर झारखंड के समस्त परिवारों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान के बिना किसी राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ऐसे में केवल नारी उत्थान नहीं, नारी के नेतृत्व में विकास की दृष्टि से विगत कुछ वर्षों में राष्ट्र की नीति बनी है। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की संवेदनशील सोच ने समाज में जन-जन को जागृत भी किया है और अब बेटियां अभिमान बनकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा भारत की नारी शक्ति का आत्मविश्वास आज बढ़ा है। अब वे खुद अपने भविष्य का निर्धारण कर देश के भविष्य को दिशा दे रही हैं। श्री दास ने हाल के दिनों में झारखंड समेत देश के अन्य भागों में नारी के प्रति दुराचार की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा नारी के प्रति कुत्सित मानसिकता रखने वालों को मां दुर्गा सद्बुद्धि दें।

इस दौरान सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजीव सिंह, कल्याणी शरण, लक्ष्मीकांत सिंह, कमलेश सिंह,पवन अग्रवाल, राकेश सिंह, सुशांत पांडा, प्रेम झा, संतोष ठाकुर, सुरेश शर्मा, अजय सिंह, संजय सिंह, राकेश सिंह, जीवन साहू, नीलू झा, मधुमाला, बिमला साहू, लकी कौर, मनी सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वीर कुंवर सिंह मैदान में 51 फीट के रावण दहन में शामिल हुई मीरा मुंडा व अमरप्रीत सिंह काले

रावण दहन कार्यक्रम में आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। दशहरा के अवसर पर छोटा गोविंदपुर स्थित वीर कुंवर सिंह मैदान में 51 फीट का रावण का दहन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, सम्मानित अतिथि पूर्व भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले, वरीय भाजपा नेता विनोद सिंह, भारत भूषण सिंह, जेवियर स्कूल के चेयरमैन सुनील सिंह, टिमकेन यूनियन के महामंत्री विजय यादव समेत अन्य उपस्थित रहे। रावण दहन कमिटी के द्वारा अथितियों का स्वागत किया गया। स्वागत संबोधन चंद्रशेखर सिंह ने किया। रावण दहन कार्यक्रम के दौरान करीब दो घंटे तक भव्य आतिशबाजी हुई। संयोजक राधेश्याम सिंह ने बताया पश्चिम बंगाल से झाड़ग्राम के कारीगरों के द्वारा रावण का पुतला तैयार किया गया था। 51 फीट के रावण दहन में आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। रावण दहन में टेल्को, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, गदरा, बड़ा गोविंदपुर के आलावे विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 10 हजार लोग शामिल रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, प्रमुख कमलेश सिंह, पवन सिंह, कामेश्वर पांडे, इंद्रजीत सिंह, जगदीश मिश्रा एवं सतीश एंड टीम उपस्थित रहे।

जमशेदपुर पुलिस ने रंजीत सिंह हत्याकांड का किया खुलासा, दो गिरफ्तार

7.65 एमएम का एक देसी पिस्टल, एक गोली व चार खोखा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर में दुर्गा पूजा के दौरान टेल्को थाना अंतर्गत सबुज कल्याण संघ दुर्गा पूजा पंडाल के पास 45 वर्षीय रंजित सिंह हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। गुरुवार को जिला पुलिस कार्यालय में एसएसपी प्रभात कुमार ने पत्रकारों को जानकारी दी। एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि रंजीत सिंह हत्या कांड के मामले में सिटी एसपी के. विजय शंकर के नेतृत में टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि पुरानी रंजिश को लेकर हत्त्या की गयी। गिरफ्तार शोले से जेल में ही विवाद शुरू हुई थी। जेल में रंजीत ने शोले के साथ मारपीट की थी। इसके बाद शोले खुद को अपमानित महसूस कर रहा था। दुर्गा पूजा के दौरान परिवार के साथ घूम रहा रंजीत सिंह को गोली मारकर हत्या कर दी। शोले समेत अन्य बदमाशों को संरक्षण देने के आरोप में पुलिस ने आदित्यपुर के रहने वाले अनिल कुमार को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि अबतक की जांच में जानकारी मिली कुल चार लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। दो अब भी फरार हैं। गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। इसके अलावे जांच में अन्य के नाम सामने आने पर उन्हें भी गिरफ्तार किया जायेगा। एसएसपी ने बताया रंजीत पर गोलमुरी व एमजीएम थाने में चार आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार शोले के खिलाफ उलीडीह थाने में 11 मई 2018 को हत्या का एक मामला दर्ज है। इसके आलावे 1 नवंबर 2016 को और 21 जून 2017 को भी उलीडीह थाने में आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस ने अपराधी के पास से घटना में इस्तेमाल किये गए 7.65 एमएम का एक देसी पिस्टल, एक जिंदा गोली और 4 खोखा बरामद कर लिया। उन्होंने बताया वे रंजीत हत्याकांड की निगरानी खुद कर रहे थे। इसके आलावे सिटी एसपी के विजय शंकर, एएसपी शुभांशु जैन, टेल्को थाना प्रभारी रणविजय शर्मा, उलीडीह थाना प्रभारी विनोद टुडू, टेल्को के एसआइ राजेंद्र कुमार, एसआइ कुंदन चौधरी के आलावे अन्य शामिल रहे। फिलहाल पुलिस अन्य अपराधियों की तलाश कर रही है।

श्री श्री सार्वजिक रावण दहन कमेटी ने किया भव्य रावण दहन का आयोजन

हजारों हजार की संख्या में जुटी श्रद्धालुओं का भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बागुनहातु फुटबाल मैदान में श्री श्री सार्वजिक रावण दहन कमेटी के द्वारा आयोजन वर्ष 1994 से पुरानी कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष जगदीश साहू के नेतृत्व में शुरू किया गया था। उस दौरान एक संगठन बनाकर बस्ती की रूपरेखा बदली गयी। मौके पर समाज सेवी मचेंदर निषाद, सुबाष प्रामाणिक, रोबिन राणा व सीपी समाज के द्वारा प्रति वर्ष भव्य मटका फोर व रावण दहन का आयोजन शुरू किया गया था। बस्ती वासियों के अनुसार पूर्व में बागुनहातु फुटबॉल मैदान में रावण दहन के दौरान दो माह से तैयारी की जाती थी। रावण के पुतला के निर्माण के लिए बाहर से कारीगर को बुलाया जाता था। रावण का पुतला निर्माण के दौरान अंदर पटाखा से सजाया जाता था। उस दौरान राम, सीता, लक्ष्मण की झांकी रहती थी। मुख्य अतिथि के समक्ष पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना कर रावण को अतिथियों द्वारा अगरबत्ती दिखाकर रावण दहन का शुभारंभ किया जाता था। पहले राम के द्वारा रावण पर वार किया जाता था। उसके बाद सभी अतिथियों के द्वारा रात्रि 9 बजे समय के अनुसार रावण दहन किया जाता था। भव्य आयोजन में लोग जमकर आनंद उठाते थे। उसके बाद से प्रति वर्ष दूर दरार से देखने के लिए सैकड़ों लोगों की भीड़ पहुंचती है। बीते लगभग 10 साल से फुटबाल मैदान में अध्यक्ष एसबी राना, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मास्टर, सचिव लालटू डे, सह सचिव अशोक दत्ता के नेतृत्व में रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा नेता सह समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चंदन यादव, सपना यादव, बंटी सिंह व अन्य शामिल रहे। मंच में अतिथियों का स्वागत कमेटी के द्वारा पट्टा देकर किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा नारियल फोरकर रावण दहन की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान बागुन हातू फुटबॉल मैदान में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर सिटी एसपी के विजय शंकर, एएसपी सुधांशू जैन, सिदगोड़ा थाना प्राभारी दल बल के साथ शामिल रहे। कुछ ही देर में पूरा क्षेत्र पटाखा की आवाज से गूंज उठा। हालांकि इस बार प्लाईउड पर रावण निर्माण किया गया था। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान कमेटी के साथ पूर्व कमेटी के पदाधिकारी व हजारों श्रद्धालु शामिल रहे।

विजयदशमी पर नारों बाजारटांड़ में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी प्रखंड में बुधवार को भक्ति भाव और जयकारों के बीच विशाल शोभा यात्रा निकाल कर स्थानीय तालाबों में मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया। इस वर्ष नगड़ी प्रखंड में कुल छह गांवों विशाल पंडाल बनाये गये थे। इधर श्रीराम युवा मंडल के बैनर तले विजयदशमी पर नारों बाजार टांड़ भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी अजय नाथ शाहदेव और विशिष्ट अतिथि झामुमो के केन्द्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, बजरंग महतो, भाजपा के शशिभूषण भगत और डीएसपी प्रवीण कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष सर्वेश भगत, सूरज भगत, वरूण महतो, रोहित साहु, प्रदीप महतो, भास्कर भगत, ज्ञानेश्वर महतो, राजू रंजन, सोनू महतो, कुमार भाष्कर, राम प्रवेश राम, राकेश रंजन लकड़ा, कैलाश महतो, विरेन्द्र महतो, मनोज महतो, सुरेश महतो, ईश्वर महतो, कपिल महतो, गंदरू उरांव, शंभू महतो, वरुण महतो, विलियम मिंज, गोपाल ठाकुर, रवि शंकर महतो, सुनील कुमार, राजेश महतो, शंकर महतो, चन्दर महतो, लाला चौधरी, लक्ष्मीनाथ महतो का सराहनीय योगदान रहा।

देवी मंडप पूजा मेला समिति सहेदा ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। देवी मंडप पूजा मेला समिति सहेदा के द्वारा गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा ने फीता काट कर मेला उदघाटन किया। लोगों को संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि इस तरह के मेले से लोगों को एक सूत्र में बांध कर रखा जा सकता है। नागपुरी सांस्कृतिक कलाकार इग्नेश कुमार के टीम के द्वारा लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया।

अनगड़ा में धूमधाम से मनायी गयी दुर्गा पूजा, प्रतिमाओं का किया गया विर्सजन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में नवरात्र से विजयादशमी का पर्व धूमधाम व धार्मिक रीति-रिवाज से शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर गोंदलीपोखर, हेसल मिलन चैक, साल्हन, सिमलिया, अनगड़ा, गेतलसूद, हाहे, जोन्हा आदि स्थानों में मां दुर्गे की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। वहीं भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया। हाहे एवं साल्हन स्थित देवी मंडप सह भगत दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा पारंपरिक ढंग से मनायी गयी। इस दौरान यहां सैकड़ों बकरों की बलि की पुरानी प्रथा जारी रही। दुर्गा पूजा के दौरान पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रही। बुधवार को सिमलिया, साल्हन, गेतलसूद, हाहे एवं जोन्हा में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं हेसल मिलन चौक में गुरुवार को प्रतिमा विसर्जित की गई। शेष स्थानों में शुक्रवार को प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

ससुराल में दामाद की मौत, हत्या की आशंका

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के साल्हन गांव में विगत रविवार को ससुराल आये एक युवक हीरालाल महतो की मौत हो गई। मृतक अनगड़ा थाना क्षेत्र के ही चिलदाग गांव का रहने वाला था। बताया गया कि मृतक हीरालाल महतो विगत 3 अक्टूबर को साल्हन गांव स्थित ससुराल आया था। रात में खुशी-खुशी खाना खाने के बाद वह एक अलग कमरे में जाकर सो गया। सोमवार की सुबह ससुराल के लोग जब उसे जगाने गए तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है तथा गहराई से इसकी जांच करने का आग्रह पुलिस से किया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर सोमवार को ही पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक घायल

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सिकिदिरी ओरमांझी सड़क के एमआरडी बीएड कॉलेज सांडी के समीप ऑटो व बाइक में टक्कर टक्कर हो गयी। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार शाम चार बजे की है। घायल युवक राजेश महतो पिता नंहू महतो 20 वर्ष हेठ नगड़ू थाना सिकिदिरी के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार ऑटो जेएच 01ई आर 4702 गन्ना लेकर ओरमांझी की ओर से सहेदा मेला जा रहा था। वहीं बाइक जेएच 01 एफ 3427 सिकिदिरी की ओर से सांडी की ओर आ रही थी। उसी क्रम में एमआरडी बीएड कॉलेज के समीप सीधी टक्कर हो गई। जिससे युवक का पैर बुरी तरह टूट गया और गंभीर रूप घायल हो गया। सिकिदिरी पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया। बाइक व ऑटो को अपने कब्जे में ले ली है।

बेड़ो में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, दो रिम्स रेफर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां पहली सड़क दुर्घटना रांची-गुमला मुख्य मार्ग हाठु गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट आने से ऑटो सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में असरो गांव निवासी 26 वर्षीय पति उरांव व 20 वर्षीय पत्नी जूली उरांव है। जिन्हें ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं दूसरी घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से ईटा गांव निवासी 25 वर्षीय घसिया उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं तीसरी घटना रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग जनता स्कूल के समीप 29 वर्षीय सुरेश खाखा अपने बाइक से असंतुलित होकर सड़क पर गिर गए। गंभीर रूप से घायल दंपति पति उरांव व जूली उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

नगड़ी प्रखंड के समाजसेवी कुशध्वज नाथ शाहदेव की माता के निधन पर शोक

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लालगुटवा निवासी नगड़ी प्रखंड के समाजसेवी कुशध्वज नाथ शाहदेव तथा शाहदेव युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष सह नगड़ी प्रखंड के युवा समाजसेवी लालगुटवा लाल धर्मराज नाथ शाहदेव उर्फ पिंकू लाल की मां लक्ष्मी प्रिया शाहदेव का गुरुवार की सुबह साढ़े पांच बजे अचानक हृद्धयघात हो जाने से निधन हो गया। वे काफी लंबे समय से बीमार चल रही थीं। रांची के मेडिका हॉस्पिटल में उन्होंने अंतिम सांस ली। वह अपने दो पुत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके अचानक निधन से नगड़ी रातू प्रखंड में शोक की लहर छा गई। उनके छोटे पुत्र लाल धर्मराज नाथ शाहदेव ने हरमू मुक्ति धाम में मुखाग्नि दी। मौके पर रांची सांसद संजय सेठ, हटिया विधायक नवीन जयासवाल, आजसू पार्टी के हटिया प्रभारी भरत काशी, कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता अजय नाथ शाहदेव, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, तपेश्वर केसरी लालगुटवा मुखिया मंगल उरांव, सुनील सिंह, नीरज भट्टाचार्य, लाल प्रमोद सिंह, अरविंद शाहदेव, राजेश नाथ देव, लाल रमेश शाहदेव, प्रभात शाहदेव, कुनाल शाहदेव, जिकरूला अंसारी, अशोक पांडेय, रमेश बैठा, मादी खलखो सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने शोक व्यक्त किया।

दुर्गा पूजा : राजकिले की दशहरा पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नम आंखों से दी गयी मां दुर्गे को विदाई

झखराटांड़ और बिजुलिया में किया गया रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। ऐतिहासिक राजकिले में शारदीय नवरात्र पर अनूठा माहौल रहा। गुरुवार को महानवमी पूजा में यहां भैंसा व दर्जनों बकरे की बलि दी गयी। बुधवार की शाम हजारों श्रद्धालुओं ने माता दुर्गे को भावपूर्ण विदाई दी।

राजकिले के ऐतिहासिक तालाब में मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पूजा अनुष्ठान बंगाल के पुरुलिया से आये राजपुरोहित सीताराम चटर्जी व अन्य पुजारियों के द्वारा कराया गया। किले की दशहरा पूजा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। किला मैदान में लगे मेले में लाखों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। मेलार्थियों ने मिठाई व केतारी की जमकर खरीदारी की। ठेला खोमचा व चाउमिन वालों की चांदी रही।

गुमसुदा केंद्र व नियंत्रण कक्ष किये गये थे स्थापित : किला प्रबंधन की ओर से पेयजल, गुमसुदा केंद्र व नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये थे। वहीं सीएचसी ने चिकित्सा शिविर लगाया गया था। जिसमें मलेरिया डेंगू, फलेरिया की जांच व निशुल्क दवा का वितरण किया गया। वहीं झखराटांड़, तिलता, पाली, कटहलमोड़, झिरी, महादेव टंगरा, मखमन्द्रो, चटकपुर, सुंडील, गोविंदनगर व आनंदमयी नगर में बनाये गये पूजा पंडालों में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। पिर्रा में भी पंडाल बना मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। पूजा व मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थानेदार आभाष कुमार ने सुरक्षा की कमान संभाली। बुधवार की शाम ऐतिहासिक रातू तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजनोत्सव शांति पूर्वक संपन्न हो गया। पूजा व मेले की सुरक्षा के लिये गढ़ की ओर से युवा दस्ता बनाया गया था, निगरानी में दस्तों को अलग-अलग जगहों पर तैनाती की गई थी।

रावण दहन में उमड़ी भीड़ : बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा व झखराटांड़ में बुधवार की शाम रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले को भी जलाया गया। इसे देखने के लिये इलाके के लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान पटाखे व आतिशबाजी से वातावरण गूंजा उठा। झखराटांड़ शिव व बजरंग बली मंदिर परिसर में नवरात्र में दुर्गा पाठ के बाद दशमी की शाम महाभंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

दुर्गा पूजा पर लापुंग में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेला संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। लापुंग प्रखंड में माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही बुधवार को विजयादशमी धूमधाम के साथ मेला संपन्न हुआ। विजय दशमी के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति लापुंग के द्वारा नागपुरी रंगारंग प्रोग्राम मंच का उद्घाटन विधायक शिल्पी स्नेहा तिर्की के द्वारा मंच का फीता काट कर किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा पर सभी को बधाई दी व माता दुर्गा की प्रतिमा में माथा टेक कर सभी की शुभकामना के लिए आशीर्वाद मांगा। बुधवार सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक एक से बढ़कर एक कलाकार के द्वारा नागपुरी गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया व झूमने को लोग मजबूर हुए।

ककरिया में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता को विदाई दी। विसर्जन से पहले ककरिया के पूजा पंडालों में महिलाओं ने माता की प्रतिमा को कोइछा भरते हुए सिंदूर खेला के रस्मों को पूरा किया। महिलाओं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर और सिंदूर उड़ाकर विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। जिसके बाद शाम ढलते ही श्रद्धालुओं ने विसर्जन शोभायात्रा निकालकर गाजे बाजे के साथ जयकारे लगाते हुए व नाचते गाते नगर भ्रमण करते हुए दुर्गा मां की प्रतिमा का ककरिया व दानेकेरा विसर्जन तालाब में किया। डिम्बा पंचखण्डा महाप्रभु में अष्टमी में बकरे की बलि दी गयी। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति लापुंग व दौलैचा में शुक्रवार को विसर्जन किया जाएगा। मेला में शांति व्यवस्था के सदलबल लापुंग थाना प्रभारी त्रिपुरारी कुमार को सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुदामा महली ने बधाई दी।

सड़क दुर्घटना में चुट्टूपालु के हर्ष राज शर्मा की मौत, तीन अन्य घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदांता अस्पताल इरबा में इलाजरत बहन हर्षिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है

ओरमांझी। महानवमी के रात परिवार संग मेला घुमने गए चुट्टूपालु निवासी हरे कृष्णा सिंह के घर लौटने के क्रम में भेंड़ा पुल के पास खड़े 407 ट्रक जेएच 01ए जे2806 से क्रेटा कार जेएच 01बीवाइ 0551 की टक्कर हो गई। कार में सवार हर्ष राज शर्मा, हर्षिता कुमारी, नीतू कुमारी और श्रीति कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल इरबा ले जाया गया। इलाज के क्रम में हर्ष राज शर्मा उर्फ बंटी की मौत हो गई। जबकि बहन हर्षिता की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पत्नी नीतू कुमारी और श्रीति कुमारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। ओरमांझी पुलिस द्वारा मृतक हर्ष राज शर्मा के शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृतक का अंतिम संस्कार गुरुवार को दामोदर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मृतक हर्ष राज के पिता और माता का रो रो कर बुरा हाल हो रखा है। हर्ष राज अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। परिवार में चाचा-चाची और भाई विक्की और गोलू का भी रो रोकर बुरा हाल हो रखा है। अंतिम संस्कार में चुट्टूपालू के अलावा रामगढ़ के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सबों की आखें नम थी। बंटी अपने पिता के साथ खिराबेड़ा के पास हिल टौप नाम से कॉफी और टी सेन्टर चला रहा था।

चान्हो थाना में मालवाहक ऑटो की चोरी का मामला दर्ज

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चटवाल गांव से मोहम्मद मुख्तार नामक युवक के मालवाहक ऑटो को अज्ञात चोर ने उनके घर के पास से चुरा ले गए। इस संबंध में मोहम्मद मुख्तार ने चान्हो थाना में लिखित आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है। मामले पर गंभीरता दिखाते हुए थाना प्रभारी रंजय कुमार ने चोरी के आवेदन प्राप्त होने के उपरांत मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर अपने स्तर से कार्य कर रही है।

विजयादशमी : दशहरा समिति टाटीसिलवे ने विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया

टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में धू-धूकर जला रावण का पुतला

मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने अग्निबाण छोड़ कर पुतलों का किया दहन

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में दशहरा समिति टाटीसिलवे रांची द्वारा विजयादशमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री सह मुख्य संरक्षक डॉ प्रदीप वर्मा, सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ गोपाल पाठक, डॉ अमर चौधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण जिला अध्यक्ष माधुरी देवी, पूर्व जिप सदस्य फुलकुमारी देवी, जिप सदस्य अनगड़ा पूर्वी अनुराधा मुंडा, आरएसएस के मंटू जी रहे। सबसे पहले अतिथियों का भव्य स्वागत बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर समिति के सदस्यों द्वारा किया गया।

इस दौरान यहां सुन्दर आतिशबाजी भी की गयी। इसके बाद मुख्य अतिथि दीपक प्रकाश ने अग्नि बाण छोड़कर बुराई के प्रतीक रावण और मेघनाथ के पुतलों का भव्य आतिशबाजी के साथ दहन किया। इस वर्ष रावण का पुतला करीब 50 फीट का बनाया गया था। स्वागत भाषण राजेश्वर नाथ मिश्र, मंच संचालन सुरेंद्र ठाकुर व धन्यवाद ज्ञापन चंदन मिश्र ने किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा, खेल संयोजक भाजपा युवा मोर्चा रांची जिला ग्रामीण संजीत सिंह, केडी शर्मा, रामपोदो महतो शामिल थे।

कार्यकम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद, संयोजक राजेश्वर नाथ मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, कोषाध्यक्ष मंगल गुप्ता, टाटीपूर्वी मुखिया कृष्णा पहान, चतरा पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, मनेश महतो, राजेंद्र प्रमाणिक, सुमन प्रमाणिक, बसंत मिश्रा, गिरिधर मिश्र, अमरेंद्र सिंह, जेपी महतो, कमल मंडल, राजू पाठक, उधव चंद्र महतो, लखींद्र महतो, दिवाकर सिंह, रविंद्र तिवारी, रमेश बैठा, प्रदीप पांडे, जगदीश नायक आदि सदस्य लगे रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

नामकुम क्षेत्र में मां दुर्गा को नम आंखों से दी गयी भावभीनी विदाई

नामकुम (आजाद सिपाही)। नामकुम क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरी आस्था व उत्साह पूर्वक बुधवार को किया गया। इससे पूर्व पंडितों ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करायी। इसके बाद मां की विदाई शुरू हुयी। नामकुम नवयुवक संघ जय माता दी क्लब नामकुम रेलवे स्टेशन, टाइगर क्लब दुर्गा पूजा समिति आरागेट एवं मां भवानी क्लब आरा बड़का टोली के सदस्यों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नामकुम स्थित स्वर्णरेखा नदी छठ घाट पर कर दिया गया। इसके पूर्व श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। विदाई यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से प्रेरित होकर विसर्जन अवधि तक भावुक दिखे। युवाओं ने मां के जयकारे लगाते हुये एक-दूसरे पर खूब गुलाल उड़ाये। पुलिस प्रशासन सुरक्षा में तैनात रहे। विसर्जन यात्रा में बैंड-बाजे के साथ घोड़े भी शामिल थे। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित

ओरमांझी में रावण दहन और मां दुर्गे की प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। रावण दहन और मां दुर्गे की प्रतिमा विसर्जन के साथ ही प्रखंड में दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न हो गयी। रावण दहन का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री क्लब दड़दाग, पूजा समिति ओरमांझी, दुर्गा पूजा समिति पांचा में किया गया था। जबकि चुट्टूपालू में बंटी की मौत की खबर के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। ओरमांझी में रावण के पुतला में अग्नि लगाने का कार्य राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा किया गया, जबकि लाल बहादुर शास्त्री क्लब दड़दाग में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया था। शांति पूर्वक पूजा संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का भी योगदान सराहनीय रहा।

चान्हो-मांडर में मां दुर्गे की प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में शांतिपूर्वक दुर्गा पूजा का समापन हुआ। मांडर क्षेत्र में सात जगहों पर दुर्गा पूजा पंडाल बनाया गया था। वहीं चान्हो प्रखंड में 13 जगह पूजा पंडाल बनाये गये थे। नवमी को विशेष पूजा अर्चना कर दशमी को मां दुर्गा की भावभीनी विदाई दी गई। दुर्गा पूजा समितियों ने अपने निकटतम तालाबों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया। चान्हो प्रखंड के टांगर में और मांडर प्रखंड के सोसई में रावण दहन भी किया गया। टांगर में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने रावण दहन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने अंदर के अहंकार का नाश करना जरूरी है। रावण विद्वान पुरुष था, किंतु उसको उसके अहंकार ने ले डूबा। इस क्रम में दुर्गा पूजा समिति करकट, बाल विकास समिति चोरेया और दुर्गा पूजा समिति चामा में माता रानी का दर्शन कर युवा नेता सन्नी टोप्पो ने समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। मौके पर काफी श्रद्धालु उपस्थित थे।

टांगर जतराटांड़ में सोहराई जतरा के आयोजन को लेकर समिति की बैठक

चान्हो (आजाद सिपाही)। चान्हो प्रखंड स्थित टांगर जतरा टांड़ में गुरुवार को पूर्व मुखिया मोहन उरांव की अध्यक्षाता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आगमी 29 अक्टूबर को टांगर ग्राम में लगने वाले 12 पड़हा सोहराय जतरा से संबंधित सलाह मशवरा किया गया। इसमें जतरा को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक बिंदू पर चर्चा की गई। साथ ही जतरा उल्लास पूर्वक संपन्न हो इसके लिए समिति के लोगों को जिम्मेवारी दी गई। बैठक का संचालन इनामुल अंसारी ने किया। मौके पर मंगरू उरांव, विशाल उरांव, पंचू उरांव, मुस्तफा अंसारी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, प्रमोद लाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

घर का ताला तोड़ कर चोरी का प्रयास

नामकुम (आजाद सिपाही)। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के हरि नगर कॉलोनी में बीते रात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया। जिसे घर के सदस्यों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार हरि नगर निवासी रितेश कुमार (फौजी) अपने घर के सभी सदस्यों के साथ दुगार्पूजा घुमने गया हुआ था। जिसका फायदा उठाकर कुछ लड़के उनके घर में ताला तोड़कर प्रवेश कर गये। उसी दौरान करीब सुबह 3 बजे रितेश अपने परिवार के साथ घर आ गये, तो देखा की दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ है और घर में कोई घुसा है। तब रितेश ने आसपास के लोगों को बुलाकर चोर को रंगेहाथ पकड़ा। वहीं, एक युवक फरार होने में कामयाब हो गया। आरोपी युवक की पहचान सुखदेव नगर निवासी मथूरा शर्मा का बेटा अरुण शर्मा के रुप में किया गया। जिसे पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। इधर, टाटीसिलवे पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

सिकिदिरी में मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। जिसमें जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी, ढेलुवाखुटा, सोसो, कुच्चू, सिंगारी आदि जगहों पर शांति पूर्ण ढंग से विसर्जन किया गया। वहीं सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तमाड़ की खबरें

ताऊ स्कूल मैदान में रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक विकास मुंडा, जम कर की आतिशबाजी

बुंडू (आजाद सिपाही)। ताऊ स्कूल मैदान में विजयदशमी के अवसर पर बुधवार को आयोजित रावण दहन एवं आतिशबाजी कार्यक्रम में विधायक विकास कुमार मुंडा भी शामिल हुए। लोगों की भारी भीड़ के बीच जमकर आतिशबाजी की और लोगों को विजयादशमी की शुभकामानएं दी। कहा कि हमें अपनी और समाज में व्याप्त रावण रूपी अवगुणों एवं कुरीतियों पर विजय पाने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर एसडीओ अजय साव, डीएसपी अजय कुमार, सीओ राजेश कुमार और बीडीओ आदि उपस्थित थे।

बारेंदा में 70 फुट के रावण का पुतला दहन

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति बारेंदा की ओर से गुरुवार को रावण का पुतला दहन किया गया। मुहूर्त के अनुसार रावण दहन किया गया। शाम से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस बार रावण दहन में पुतले का कद 70 फीट का था। इसके साथ ही आकर्षक अतिशबाजी भी की गई। रावण दहन को देखने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रावण दहन के बाद भव्य आतिशबाजी की गई। सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति बारेंदा के सदस्यों ने बताया कि 1968 से ही रावण दहन का आयोजन होते आ रहा है। इस मौके पर सोनाहातू थाना प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम, मुकेश कर्मकार, तापस कर्मकार, मोहित कर्मकार, धीरज लोहरा, लक्ष्मीकांत साहू, गोपाल पुरान, लालजी पुरान, दीनेश पुरान आदि उपस्थित थे।

धूमधाम से मनाया गया दशहरा

मुरी/सिल्ली (आजाद सिपाही)। मुरी व आसपास के क्षेत्रों में दशहरा धूमधाम से मनाया गया। महानवमी पर सभी पूजा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। मुरी हिंडालको दुर्गा पूजा द्वारा बुधवार को ही आतिशबाजी के बाद विसर्जन कर दिया गया। इसके अलावा मुरी आसपास के किसी भी पंडाल का विसर्जन नहीं किया गया। वहां शुक्रवार को विसर्जन किया जाएगा। सभी पंडालों में तरह-तरह के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। रामपुर दुर्गा पंडाल में बुधवार को आता नाच का आयोजन किया गया। वहीं लगाम में नव दुर्गा पूजा द्वारा शुक्रवार को आतिशबाजी के बाद विसर्जन किया जाएगा।

मुखिया मेला में धू-धूकर जला रावण

तमाड़ (आजाद सिपाही)। आंचुडीह गांव में मुखिया मेला का आयोजन किया गया । साथ ही नदी में दुर्गा माता की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मुखिया मेला में रोशन महतो और लक्ष्मण मुण्डा के हाथों रावण दहन किया गया। रोशन महतो ने कहा यह बुराई पर अच्छाई की जीत है। वहीं लक्ष्मण मुंडा ने कहा कि आसुरी शक्तियों को नष्ट करना ही रावण दहन का उद्देश्य है।

विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड चोकाहातू गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर श्रीश्री राधा रानी दुर्गा पूजा समिति प्रमाणिक टोला चोकाहातू की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले गांव के सभी छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्रामप्रधान गोपाल सिंह मानकी ने की। मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल और डायरी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक प्रमाणिक ने किया। इस मौके पर गोरांग मांझी, विपतारण प्रमाणिक, मनोज प्रामाणिक, पंचानन प्रामाणिक, उमाकांत प्रमाणिक, वंशीधर प्रमाणिक, करम सिंह प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

सोनाहातू में हाथियों का उत्पात जारी, 20 एकड़ जमीन में लगी सब्जी फसलों को किया नष्ट

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिलाई पीड़ी गांव में जंगली हाथियों का तांडव चरम पर है। विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीण दहशत में हैं। रातभर जग कर लोग समय बीता रहे हैं। दूसरी ओर, हाथियों के आतंक पर अंकुश लगाने में वन विभाग भी नाकाम हो रहा है। इसके ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार की रात सोनाहातू प्रखंड के तिलाई पीड़ी, जिलिंगसेरेंग, कोंकाडीह, सावडीह, जामडीह आदि गांव में जंगली हाथीयों का झुंड प्रवेश कर गया और जमकर उत्पात मचाया है। तिलाई पीड़ी गांव के किसान कामेश्वर महतो, महकम महतो, प्रधान महतो, मेघनाथ महतो, शशोधर महतो,वीरसिंह महतो, धनेश्वर महतो, चित्रसेन महतो, कर्ण महतो आदि।के लगभग 20 एकड़ जमीन पर की गई खेत को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। पीड़ित किसानों ने वन विभाग और प्रखंड मुख्यालय से मुआवजा देने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथीयों की संख्या 7-8 है, जो पिलीद जंगल में डेरा जमाए हुए है।

बंगाली समुदाय ने सिंदूर खेल कर मां से लिये आशीर्वाद

नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को अंतिम विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी/पिपरवार। खलारी व आस-पास के इलाकों में बुधवार को विजयदशमी पर मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई। इससे पूर्व मंगलवार को खलारी स्थित श्री जानकी रमण मन्दिर, खलारी बाजाराटांड़, करकट्टा, धमधमियां, चामा चौक, डकरा, केडीएच, सुभाषनगर, मोहननगर, चुरी और राय आदि जगहों में महानवमी की पूजा कर मां दुर्गा को पुष्पाजंलि अर्पित की गई। क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों में प्रसाद स्वरूप खीर व खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं बुधवार को खलारी स्थित श्री जानकी रमण मंदिर में सुबह में नवपत्रिका का विर्सजन करने के साथ ही बंगाली समुदाय व स्थानीय महिलाओं ने मां का

मां दुर्गा के विसर्जन में शामिल श्री जानकी रमण मंदिर दुर्गा पूजा समिति के सदस्य। सिंदूर खेलतीं महिलाएं।

अपराजिता पूजन किया और एक दुसरे को सिन्दुर लगाकर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की। इसके बाद श्री जानकी रमण मन्दिर से मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ और सिमेंट कॉलोनी, शहीद चौक, केडी अंबेडकर चौक होते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके बाद देर शाम मंदिर प्रगांण में विजय मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने एक-दूसरे से गले मिल कर दशहरा की बधाई दी। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष शशि कुमार सिंह, पूजा कमेटी के अध्यक्ष रंजन सिंह बिट्टू, सचिव अवधेश यादव, गिरिधर मिश्रा, नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, मनोज बनर्जी, जामवंत सिंह, अमर भूषण सिंह, विवेका सिंह, राजू सिंह, मुन्ना देवी, अजय वर्मा, पवनराज सिंह, बबलू सिंह, संतोष सिंह, बजरंगी केशरी आदि उपस्थित थे। वहीं, सीसीएल **पिपरवार** कोयलांचल और आस पास के ग्रामीण इलाकों में दुगार्पूजा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बचरा, राय,चुरी,बहेरा,बेंती, राय कोलियरी,पुरानीराय सहित अन्य जगहों पर महानवमी और विजयदशमी के दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। जबकि बुधवार को मां को विदाई दी गई।

रावण दहन कर राम राज्य लाने की करें दृढ़ प्रतिज्ञा : बीके प्रीति बहन

डकरा (आजाद सिपाही)। रावण का पुतला तो एक प्रतीक है। वास्तव में रावण का अर्थ बुराइयों का खजाना है, जो इंसान के अंदर मौजूद रहता है। हमें अपने अंदर व्याप्त बुराई रूपी रावण का दहन करना चाहिये ताकि परिवार, समाज व राष्ट्र का कल्याण हो सके। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय डकरा सुभाष नगर बीके पाठशाला की नियमित बीके प्रीति बहन ने विजयादशमी पर कही।

श्री राम-लक्ष्मण की मौजूदगी में अर्जुन ने अग्नि बाण दाग रावण के पुतले का किया दहन

खूंटी (आजाद सिपाही)। स्थानीय प्राचीन शिवालय क्षेत्र में आयोजित दशहरा मेला में विजयादशमी के अवसर पर केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा ने श्री राम, लक्ष्मण की उपस्थिति में हनुमान टोंगरी पर केके बीके क्लब द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में शरीक हुए। विभीषण की मंत्रणा पर दशकंधर रावण के पुतले के नाभि में अग्नि बाण दाग कर दुराचार व दुराचारी का वध किया। इस मौके पर आयोजकों जिला प्रतिनिधि मनोज कुमार और अन्य कई प्रतिनिधि शामिल रहे। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के जनसमूह रावण वध की खुशी में जय श्रीराम उद्घोष किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं, कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी की मौजूदगी में शांति पूर्ण तरीके से कार्यक्रम का समापन हुआ।

करकट्टा व डकरा में किया गया रावण दहन, जमकर की गयी आतिशबाजी

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी में विजयादशमी पर डकरा और करकट्टा में रावण दहन किया गया। डकरा स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम सार्वजनिक दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति डकरा द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 40 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने तीर चलाकर रावण के पुतला में आग लगाया। जिसके बाद पूरा इलाका तेज पटाखे की आवाज में गुंज उठा। इसके साथ ही जमकर आतिशबाजी भी की गयी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि शयाम सुंदर सिंह, ललन प्रसाद सिंह, रमेश विश्वकर्मा सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। वहीं आयोजन समिति के सुशील सिंह, राम नारायण सिंह, देवेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र सिंह कार्तिक पांडेय, नरेन्द्र सिंह, शत्रुंजय सिंह, सन्नी सिंह, नंदलाल सिंह, शिशिर सिंह, अविनाश सिंह (ड्डोला), प्रदीप जैना, अंशु सिंह विकास सिंह (गुड्डु), सुमित सिंह, अजय सिंह आदि उपस्थित थे। करकट्टा में जिप सदस्य सरस्वती देवी, तुमांग पंचायत मुखिया संतोश कुमार महली एवं रोहिणी पीओ डीके सिंह ने सयुंक्त रूप से रावण दहन किया। मौके पर थाना प्रभारी फरीद आलम आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण में बरती जा रही भारी अनियमितता, ग्रामीणों ने काम रुकवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

सोनाहातू। प्रखंड क्षेत्र के सोमाडीह गांव में रांची भवन निर्माण विभाग की ओर से बनाए जा रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। खराब किस्म के कार्य को देख स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण कार्य को रोक दिया है। ग्रामीणों ने संवेदक पर आरोप लगाया कि छत ढलाई में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। संवेदक अन्य लोग को पेटी ठेकेदार के रूप में कार्य करवा रहा है। जिसमें पेटी ठेकेदार अपनी मर्जी से कार्य की खानापूर्ति कर रहा है। ग्रामीणों ने निमार्णाधीन भवन में हो रही अनियमितता की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने संवेदक मान गोविंद यादव, पेटी

ठेकेदार उपेन्द्र लोहरा और कनीय अभियंता रंजीत कुमार महतो पर मिली भगत कर सरकारी राशि का बंदरबांट करने का भी आरोप लगाया है। दूसरी ओर, स्वास्थ्य उप केंद्र में घटिया सामग्री देकर भवन निर्माण की सूचना पाकर जिप सदस्या मंजू सिंह, प्रमुख बीक्टोरिया देवी, तेलवाडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि फनीभूषण सिंह मुंडा, उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकांत गोंझू गुरुवार को सोमाडीह गांव पहुंचे और भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जिप सदस्या ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि संवेदक से बातचीत कर भवन का निर्माण मजबूती व समय सीमा के अंदर करवाया जाएगा। हालांकि अभियंता ने इस मामले के शिकायत पर जांच कर त्रुटि सुधार करने की बात कही है।

15 दिनों तक दिल्ली के विभिन्न इलाकों में की गयी छापेमारी

मानव तस्करी की शिकार 12 बच्चियों को खूंटी पुलिस ने कराया दिल्ली से मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। डीसी शशि रंजन और एसपी अमन कुमार के निर्देश पर पुलिस ने 15 दिनों तक दिल्ली के कई स्थानों पर छापामारी कर मानव तस्करी की शिकार 12 बच्चियों और एक बच्चे को मुक्त कराया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने बताया कि डीसी और एससपी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण विड्डाग और बाल संरक्षण विभाग और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर 12 बालिकाओं एवं एक बालक को मुक्त कराया गया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के रामजानुल हक, मिथिलेश ठाकुर,

अजय कुमार शर्मा, उषा देवी एवं फुलमनी बोदरा द्वारा न केवल मुक्त कराए गए बालक-बालिकाओं को हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध कराया गया। बच्चियों को बाल सरंक्षण समिति की निगरानी में रखा गया है। जिला बाल सरंक्षण पदाधिकारी ने बताया कि मुक्त कराये गये बच्चों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़ते हुए इन्हें स्पॉन्सरशिप योजना का भी लाभ दिलाया जाएगा। कहा कि मानव तस्करों द्वारा भेजी गई बच्चियों के साथ शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार का शोषण किया जाता है। कई बच्चियों पर शारीरिक शोषण किए जाने संबंधी दिल्ली में केस भी दर्ज हैं। जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बच्चियों का उनके जिले में पुनर्वास किया जाएगा। इन बच्चियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ताकि वो सभी पुनः मानव तस्करी का शिकार न बनने पाएं। मानव तस्करी पर झारखंड सरकार और महिला एवं बाल विकास विभाग काफी संवेदनशील है। यही कारण है कि दिल्ली में एकीकृत पुनर्वास संसाधन केंद्र चलाया जा रहा है, जिसकी नोडल अधिकारी नचिकेता द्वारा झारखंड के मानव तस्करी के शिकार बच्चे एवं बच्चियों को मुक्त कराकर वापस उन्हें झारखंड के उनके जिले में पुनर्वास करने का कार्य किया जा रहा है।

महत्वपूर्ण न्यूज

बचरा स्टेडियम में 65 फीट रावण के पुतले का दहन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम में दो साल के लंबे इंतिजार के बाद इस बार रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरजंन सेनापति के अलावा अशोक परियोजना खान प्रबधंक एस सत्यानारायण, टंडवा सीओ विजय कुमार दास, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश महतो, आरसीएम साईडिगं मैनेजर धीरप्रताप ने संयुक्त रूप से रॉकेट से रावण के सीने पर वार कर उसे जलाया। बचरा दुगार्पूजा समिति द्वारा इस बार करीब 65 फीट उंचे विशाल रावण का पुतला बनाया गया था। रावण दहन से पूर्व जमकर आतिशबाजी की गई। वहीं, रावण दहन कार्यक्रम को देखने के लिए स्टेडियम में लोगों की खचाखच भीड़ देखी गई। एजीएम निरजंन सेनापति ने अपने संबोधन में कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन। आज के दिन हमारे अंदर छिपे रावण को भी मिटाने की जरूरत है। इस मौके पर अभय सिंह, धीरेंद्र शर्मा, रविंद्रनाथ सिंह, भीम सिंह यादव, विद्यापति सिहं, भीम प्रसाद मेहता, सोनू तिवारी, मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी, अजय सिंह, राजेश सिंह रविंद्र सिंह, आईडी मेहता आदि उपस्थित थे।

पिपरवार के गायत्री शक्तिपीठ में हवन यज्ञ के साथ हुआ नवरात्र का समापन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के गायत्री शक्तिपीठ बचरा कार्यालय में हवन यज्ञ के साथ शारदीय नवरात्र का समापन किया गया।इस मौके पर गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ कराया गया, जिसके बाद खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर श्रीराम गिरी, गांधी राम साहु, रघुबीर प्रसाद, अशोक कुमार, अनिल यादव, अनामिका, सरिता, उषा गिरी, शांति देवी, उषा सिंह, गायंती देवी, नीलम देवी, मिंटू यादव, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

बचरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम पर झूमे लोग

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा बाजारटांड़ में दुगार्पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण और आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुती देख लोग आनंदित हुए। जानकारी के अनुसार सोमवार को महाअष्टमी की रात भक्ति जागरण आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। इस कार्यक्रम मे बाहर से आये हुए कलाकारो ने कई प्रकर के डक्ति गीत और झांकी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मां दुर्गा द्वारा राक्षस का वध करते दिखाये गये झांकी को लोगों ने खूब पंसद किया। वहीं विजयीदशमी की रात आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति ने किया। कलाकारो ने हिन्दी, नागपूरी, भोजपूरी में गीत और नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे लोगो ने खूब पंसद किया।

बचरा में रेलवे पटरी से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा वजन घर के समीप रेलवे लाइन के बगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर कुछ लोगों ने रेलवे लाइन के बगल झाड़ी में एक व्यक्ति का शव देखा। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी गई। खबर पाकर पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। पिपरवार थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के ग्रामीणों से संपर्क कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पचा चल सकेगा।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत दो युवतियां हुई गंभीर रूप से घायल

बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची टाटा रोड स्थित गोसाईडीह गांव के पास स्कॉर्पियो व बाईक भिड़ंत में गंभीर रूप से सुखराम महली (22) की इलाज के दौरान मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। वह तमाड़ के सलगाडीह ग्राम का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में घायल रीना कुमारी (17) और प्रियंका कुमारी (20) की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों दोनों अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा गांव की रहने वाली हैं। उन्हें बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। घटना बुधवार की दोपहर एक बचे हुई। जब बाइक पर सवार होकर तीनों बुंडू में दुर्गा पूजा देखने के बाद वापस अपने गांव लौट रहे थे।

बंधु तिर्की पहुंचे डकरा, रोजगार और विस्थापितों की समस्या पर हुई चर्चा

खलारी (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की गुरुवार की शाम टंडवा से रांची लौटने के क्रम में डकरा वीआईपी क्लब पहुंचे। जहां पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और विस्थापित नेताओं ने उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बंधु तिर्की विस्थापित परिवारों से बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बैठक में विस्थापित परिवारों के रोजगार के मुद्दे पर गहनता के साथ चर्चा की गई। बंधु तिर्की ने विस्थापित प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी समस्याओं को लेकर सीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर अब्दुल्ला अंसारी, बिगन सिंह भोगता, विनय खलखो, इंदिरा देवी, सुनील सिंह, सोनू पांडे, साबिर अंसारी आदि मौजूद थे।

कोयलांचल में सिंदूर खेला और रावण दहन के साथ हर्षोल्लास के साथ दुर्गोत्सव संपन्न

धनबाद में नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

फिर अगले वर्ष मां को आने का दिया निमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था दिखी चाक चौबंद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद/झरिया। हाथी पर सवार होकर आई मां शक्ति की नौ दिनों तक अराधना हुई। विजयदशमी पर बुधवार को भक्तों को रुप,जय, यश और सौभाग्य का वर देकर मां दुर्गा नौका पर विदा हो गई। इस नवरात्री अंतिम तीन दिनों में बारिश भी हुई। लेकिन मां के भक्तों की श्रद्धा और उमंग में कोई कमी नहीं आई। नवमी और दशमी पर पूजा पंडालों में लोगों की अपार भीड़ उमड़ी।

देर रात तक लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। वहीं, बुधवार को सिंदूर खेला रस्म व रावण दहन के साथ धनबाद कोयलांचल में दुर्गा पूजा संपन्न हुआ। जिले के धनबाद, हीरापूर, बैंकमोड, स्टील गेट, झारखंड मैदान, भूली, कतरास, बाघमारा केंदुआ, पुटकी, तेतुलमारी लोयाबाद, तोपचांची, गोमो, तेतुलमारी, सिंदरी, बलियापुर, गोविंदपूर, निरसा, चिरकुंडा, मैथन जोरापोखर, झरिया आदि क्षेत्रों में दुर्गोत्सव समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों में मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी। लगे हाथ अगले वर्ष फिर से आने का निमंत्रण भी दिया।

सिंदूर खेला खेलने के बाद उत्सव मनाती महिलाएं-युवतियां। सिंदरी में रावण दहन का दृष्य। कार्यक्रम का उद्घाटन करती भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, आप के प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह व अन्य।

कहीं डीजे तो हीं ढाक की धुन पर विसर्जन

बांग्ला परंपरा के अनुसार आयोजित अनेक पंडालों व पूजा मंडप से विजयदशमी की संध्या मां की प्रतिमा का विर्सजन कर दिया गया। कहीं डीजे के धून पर नाचते गाते तो हीं ढाकिए पर परंपरागत तरिके से विर्सजन किया गया। शहर के एलसी रोड युथ क्लब पूजा पंडाल, जिला परिषद स्थित बंगाली कल्याण समिति, चिल्ड्रेन पार्क स्थित बंगाली वेलफेयर सोसायटी, कोर्ट क्वार्टर स्थित दुर्गा मंडल, जगधात्री क्लब, श्रमिक चौक, बेकार- बांध के अलावा रानीबांध धैया, पंपू तालब और राजा तालाब आदि जलाशयों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

सिंदरी में हुआ 65 फीट ऊंचा रावण दहन

सुबह महिलाओं ने मां दुर्गा की पूजा करने के बाद उन्हें सिंदूर लगाया। इसके बाद एक-दूसरे के साथ सिंदूर खेल की रस्म अदायगी की। सिंदूर खेल के बाद अश्रुपूर्ण नेत्रों से माता दुर्गा को विदाई दी। वहीं बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण दहन के साथ विजयादशमी संपन्न हुआ। सिंदरी के शहरपुरा शिव मंदिर मैदान में ऐतिहासिक रावण दहन धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने किया। इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश संयोजक देवनाथ सिंह के अलावा शहरपुरा शिव मंदिर मंदिर समिति के सचिव दिनेश सिंह, अर्चना शर्मा,दीपक सिंह आदि भी मौजूद थे। इस वर्ष 65 फिट ऊंचा और 40 फिट चौड़ा रावण का पुतला दहन किया गया। वहीं जिले के बलियापुर, धनबाद क्लब, भूली, पाथरडीह, भौंरा, बाघमारा, परशबनिया व प्रधानखंता, बरवाअड्डा आदि स्थानों में भी रावण दहन हुआ।

महत्वपूर्ण न्यूज

तिसरा में बीसीसीएल कर्मी के आवास से नकद समेत छह लाख के सामानों की चोरी

झरिया/अलकडीहा (आजाद सिपाही)। तिसरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने पूजा घूमने गए बीसीसीएल कर्मी दंपत्ति के आवास का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नकद समेत करीब छह लाख की संपत्ति चोरी कर ली। पीड़ित दंपति ने घटना की लिखित शिकायत तिसरा थाने में की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय अस्पताल तिसरा परिसर में राजापुर कोलियरी में फर्माशिष्ट के पद पर कार्यरत बीसीसीएल कर्मी सुबोध कुमार सिन्हा पत्नी बीसीसीएल कर्मी अर्चना सिन्हा के साथ बुधवार की शाम विजयदशमी पर दुर्गा पूजा घूमने गए थे। देर रात वापस लौटे तो आवास का ताला टूटा पाया। यही नहीं, घर में रखे अलमीरा तोड़कर एक लाख नगद के साथ सोने की दो चेन, चार कंगन, एक मंगलसूत्र, चार अंगूठी, एक मांगटीका समेत कीमती सामान चोरी पाया। जिसकी कीमत करीब छह लाख रुपये है। पीड़ित परिवार ने रात में ही घटना कि जानकारी पुलिस को दी। दूसरी ओर, चर्चा है कि अलकडीहा बस्ती स्थित पानी टंकी घर में अमित नामक युवक द्वारा बड़े पैमाने पर जुआ अड्डा का संचालन किया जा रहा है जिसमे क्षेत्र के जुआरियों का पूरी रात जमवाड़ा रहता है। संभवतः वहां पहुंचने वाले किसी जुआरी द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हो सकता है। हालांकि इस बाबत पूछे जाने पर तिसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने कहा कि घटना संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है। जांच की जा रही है। क्षेत्र में जुआ अड्डा का संचालन नहीं हो रहा है।

सिंह नगर से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद, अन्यत्र हत्या कर फेंकने की जतायी आशंका

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंह नगर स्टेशन रोड के पास 3 नंबर धौड़ा में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष है। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने बेरमो पुलिस को दी। आनन फानन में बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह सहित कई अधिकारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक उक्त स्थान पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई थी। पुलिस ने लोगों से शव की शिनाख्त कराया, पर उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर केंद्रीय अस्पताल ढोरी के मर्चरी रूम में रखवा दिया। आशंका है कि उसकी अन्यत्र हत्या कर यहां फेंक दिया गया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

इएसएल स्टील लिमिटेड में हुआ वॉकथॉन

बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल स्टील लिमिटेड के कर्मचारियों ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के समर्थन में एक वॉकथॉन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य देश से कुपोषण को खत्म करना है। वेदांता का अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा भूखा न सोए। वॉकथॉन का नेतृत्व कंपनी के एक्सको सदस्यों ने किया, साथ ही इस नेक पहल पर प्रेरक भाषण भी दिए। वॉकथॉन बोकारो निवास से शुरू हुई और बोकारो मॉल पर समाप्त हुई। इस आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न विभागों के स्वयंसेवकों और कर्मचारियों के साथ 80 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वेदांता की सहायक कंपनी के रूप में, ईएसएल स्टील लिमिटेड इस अभियान के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने एवं भोजन उपलब्ध कराकर इसमें अपना योगदान दे रही है।

शिक्षा मंत्री ने किया भटमुड़ना मध्य विद्यालय का निरीक्षण, व्याप्त समस्याओं पर दिखे गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

कतरास। सूबे के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को बाघमारा के भटमुरना मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्हें विद्यालय में व्याप्त समस्या की जानकारी मिली थी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कमरे की कमी, पीने के पानी की समस्या और चारदीवारी निर्माण की मुख्य समस्याएं सामने आई। इस बाबत मंत्री ने शिक्षकों और विद्यार्थियों से जानकारी ली और धनबाद के डीसी को फोन कर समस्याओं के अविलंब निदान का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से अपील की कि किसी भी विद्यालय की समस्या हो तो हमें वाट्सएप पर सूचित करें, उस पर कार्रवाई होगी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने विद्यालय प्रधानाचार्य के व्यवहार को लेकर मंत्री से शिकायत की, जिसे लेकर मंत्री ने मौके पर मौजूद जिला शिक्षा अधीक्षक को जांच का का आदेश दिया। साथ ही प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति पर बिफरते हुए कहा कि ये अनुशासनहीनता है। वहीं पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिक्षक बहाली के मुद्दे पर कहा कि राज्य में मेरे द्वारा तय शिक्षक बहाली ऐतिहासिक होने वाली है। एक बार में 50 हजार शिक्षक बहाली करने का निर्देश दिया जा चुका है। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो कतरास स्थित काको मठ पहुंचे, जहां करीब दो घंटे तक मां भगवती के समक्ष योगेंद्र संस्कृत विद्यालय के प्रथम प्रधानाध्यापक व ख्याति प्राप्त तपस्वी मनीषी फेकन झा के पौत्र वीरेंद्र झा द्वारा पूजा अर्चना करवा प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, 1932 खतियान के मुद्दे पर भाजपा पर दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के चिंतन शिविर के बैनरों में 1932 खतियान मुद्दे के समर्थन में कई स्लोगन देखने को मिले थे पर सदन में इस पर बहस करने के बजाय भाग गए।

विसर्जन के दौरान झरिया में पुलिस का लाठीचार्ज, मूर्ति छोड़ भागे लोग

सिंदरी डीएसपी और झरिया सीओ ने संभाली कमान, आक्रोशित लोगों कराया शांत

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। कोयलांचल में दुर्गोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। लेकिन विसर्जन के दौरान झरिया पुलिस की कार्यशैली पर दाग लग गया। आरोप है कि झरिया पुलिस ने स्टेशन रोड दुगार्पूजा समिति द्वारा किए जा रहे प्रतिमा विसर्जन के दौरान जमकर लाठी चार्ज किया। जिसमें कई लोग घायल हो गए। जबकि पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की थी। आक्रोशित लोगों ने वरीय पुलिस अधीक्षक से मामले पर कार्रवाई करने की मांग की है।

क्या है पूरा मामला

झरिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड दुर्गा पूजा समिति द्वारा बुधवार की रात मूर्ति विसर्जन किया जा रहा था। समिति राजा तालाब की ओर जा रहे थे, तभी पुलिस ने मूर्ति विसर्जन के समय सीमा का हवाला देते हुए उन्हें रोक दिया। जिस पर समिति के लोगों ने धार्मिक नियमों का हवाला देते हुए मूर्ति विसर्जन को जरूरी बताया। इसी बात को लेकर मामला गर्म हो गया और पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे भगदड़ मच गई। विसर्जन में शामिल सभी लोग मूर्ति छोड़ करकर गए। लाठीचार्ज से कई लोग घायल भई हुए। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। बाद में सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिंदरी डीएसपी अभिषेक सिंह, झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा और शांति समिति के लोगों के समझाने के बाद मूर्ति विसर्जन किया गया।

वहीं, समिति के लोगों ने बताया कि वे स्टेशन रोड पूजा पंडाल से मूर्ति विसर्जन के लिए राजा तालाब जा रहे थे। तभी बाटा मोड़ में पुलिस ने उन्हें रोक लिया इसी पर बात बढ़ गई। लोगों ने सप्तमी बेलभरनी के दौरान नो एंट्री में ट्रक के बाजार में प्रवेश करने और पंडित जी को कुचल देने की बात कही जिस पर बकझक शुरू हो गई, मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। समिति की महिला सदस्य गीता देवी ने बताया की पंडाल से ही साथ में पुलिस थी अगर रोकना था तो वहीं पर रोक देते। पुलिस की लाठीचार्ज में 8-10 लोग घायल हुए हैं। वहीं, सिंदरी डीएसपी और सीओ ने मामले की जांच की बात कही है।

बेरमो पुलिस ने अंग्रेजी शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। बेरमो पुलिस ने दुर्गा पूजा के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब बिक्री को लेकर छापामारी कर सुभाष नगर धौड़ा से एक पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। उकी पहचान अशोक साव और मनोज साव के रूप में हुई है। दोनों सुभाष नगर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों को गिुरुवार को तेनुघाट जेल भेज गया। इस संदर्भ में पुलिस निरीक्षक सह बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पुराना सुभाष नगर में छापामारी की। इसमें दो दुकानों से अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही थी। उनके पास किसी तरह का लाइसेंस नहीं मिला है। अशोक और मनोज साव के घर से एक पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। दोनों से पूछताछ कर इनके बाकी के साथियों के बारे में पता लगाया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनायल-सह-माँडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा

"सूचना"

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए "झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022" अधिसूचित कर दिया गया है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन नियमावली 2022, 12 सितम्बर 2022 को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवरों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः कोडरमा, जिलान्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल है, को सूचित किया जाता है कि वे झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम, 2021 एवं नियमावली, 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

Note :- विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क करेः–जिला नियोजनायल–सह–माँडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।

ह/0
(मो0 इमरान फारूकी)
जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा।

PR.NO.279282 Labour Employment and Traning(22-23):D

निरसा के रामकनाली में मनाया गया शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 21वां शहादत दिवस

शहीदों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जायेगी : अपर्णा

सांसद ,पूर्व मेयर और विधायक सहित हजारों लोग पहुंचे समाधिस्थल, दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

निरसा/चिरकुंडा। निरसा विधानसभा के रामकनाली स्थित समाधिस्थल पर नम आंखों से शहीद सुशांतो सेनगुप्ता का 21वां शहादत दिवस मनाया गया। निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता एवं उनकी पुत्रि लिपि सेनगुप्ता ने शहीद सुशांतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करते हुए खुद को रोक नहीं पाई और भावुक हो गई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी भी शामिल थे। इस दौरान सांसद ने कहा की भाजपा रक्तरंजित हिंसा की राजनीति नहीं करती। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता संघर्ष कर उच्च श्रेणी पर पहुंचता है। स्व सुशांतो सच्चाई की लड़ाई के लिए हमेशा संघर्ष करते थे। जो विरोधियों को नागवार गुजरी और उनकी आवाज को दबा दिया गया। लेकिन आज निरसा की हजारों जनता उनकी आवाज बन चुके हैं।

जनता के दिलों में जीवित है स्व सुशांतो : राज सिन्हा

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि स्व सुशांतो सेनगुप्ता गरीबो के मसीहा थे। उनकी हत्या के बाद निरसा की जनता ने एक अच्छा नेता को खो दिया। कहा कि एक पार्टी की बुरी नजर स्व गुप्ता पर पड़ी और वो मौत के घाट उतार दिए गए। लेकिन वे आज भी जनता के दिलों में जीवित है, जिसे कोई मिटा नहीं सकता।

गरीब गुरबा व मजदूरों के थे सच्चे हितैषी: रागिनी

भाजपा नेत्री व जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह ने कहा कि स्व सुशांतो गरीब गुरबा और मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। हमेशा सच की लड़ाई लड़ी और शहीद हो गए। निरसा की जनता अपने प्यारे नेता को सदियों तक याद रखेंगे।

वहीं, स्व सुशांतो सेन गुप्ता की पत्नी सह निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता इस दौरान भवुक दिखीं। उन्होंने कहा के मुझे आज भी वह दिन अच्छी तरह से याद है जब एक पार्टी विशेष के लोगों ने मेरे पति सहित डीडी पाल और संजय सेनगुप्ता की एके 47 से गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। स्व सुशांतो सेनगुप्ता की क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता के कारण विरोधियों ने उन्हें पांच अक्टूबर 2001 को हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया था। पर मेरे पति मरे नहीं है वह अमर हो गए हैं। विधायक ने कहा कि निरसा की जनता में जिस उम्मीद के साथ फिर से उन्हें विधायक बनाया है वे उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करते हुए पति के सपनों का निरसा बनाने की ईमानदारी और निष्ठापूर्वक प्रयास कर रही है। इस मौके पर संजय झा, मानस प्रसून, जयप्रकाश सिंह, अरविंद सिन्हा, बापी सेनगुप्ता, जगन्नाथ सिंह, डीएन पाठक आदि थे।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू-अर्जन शाखा)

ग्राम सभा हेतु आम सूचना

एस0आई0ए0 आम सूचना सं0 1364/भू0अ0 दिनांकः– 01/10/2022

एतद् द्वारा सभी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निहित आदेश सं0 NA-104/10/2020-NA दिनांक 08.03.2021 द्वारा अड़ानी इन्टरप्राईजेज लि0 को गोन्दूलपारा कोयला खान, बड़कागॉव आंवटित किया गया है। जिसके आलोक में प्रेसीडेन्ट, अडानी इनटरप्राईजेज लि0 द्वारा बड़कागांव अंचल अन्तर्गत गोन्दूलपारा कोयला खान, बड़कागाँव में निहित रैयती भूमि केमोवेश 551.58 एकड के अधिग्रहण हेतु झारखण्ड भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली 2015 के तहत प्रपत्र–1 में अधियाचना समर्पित की गई है।

उक्त के परिपेक्ष्य में झारखण्ड राज्य S.I.A ईकाई के रूप में अधिसूचित ईकाई NABARD Consultancy Service Private Limited (NABCOM) Opposite Adiwasi College, Hostel Karamtoli Road Ranchi 834001 को भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधानों के तहत गोन्दलपारा कोयला खान बड़कागांव के लिए सामाजिक समाधान निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचित किये जाने के फलस्वरूप S.I.A एजेन्सी द्वारा सामाजिक समाघात अध्ययन कर ड्राफ्ट एस0आई0ए0 रिर्पोट समर्पित की गई है। ड्राफ्ट एस0आई0ए0 रिर्पोट को दिनांक 15.06.2022 को नियमानुसार सभी संबंधित कार्यालयों एवं पक्षकारों को उपलब्ध कराते हुए जिला के वेवसाईट में अपलोड़ कर प्रकाशन किया जा चुका है।

भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार नियमावली 2015 के नियम 11 के उपबंधो के अधीन प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम सभा आयोजित कर ड्राफ्ट एस0आई0ए0 रिर्पोट ग्राम सभा के पटल पर रखने एवं नियमानुसार S.I.A के प्रमुख निष्कर्ष को बताने, निष्कर्षो पर मंतव्य मांगने तथा अंतिम दस्तावेज में इसे सम्मिलित करने हेतु अतिरिक्त सूचना और मंतव्य मांगने के लिए पुनः ग्राम सभा की बैठक आहूत करने हेतु निम्नरूपेण तिथि एवं स्थान निर्धारित की जाती है।

क्र0	ग्राम	स्थान	ग्राम सभा की तिथि	समय	ग्राम सभा में भाग लेने हेतु प्राधिकृत पदा0/कमचारी
1	बलोदर, हाहे एवं फुलांग	प्राथमिक विधालय बलोदर के समीप स्कुल प्रागण में	10.10.2022	11:30 AM	1. श्री सुनील कुमार सिंह, कानूनगो। 2. श्री राजु दास, अमीन 3. श्री परमानन्द महतो, अमीन जिला भू–अर्जन कार्यालय, हजारीबाग।
2	गाली	प्राथमिक विधालय गाली के समीप स्कुल प्रांगण में	12.10.2022	11:30 AM	
3	गोन्दलपुरा	पंचायत भवन, गोन्दलपुरा	18.10.2022	11:30 AM	

ह0/–
उपायुक्त सह
समुचित सरकार, हजारीबाग

PR 279252 Land Reforms (22-23)_D

केंद्रीय कानून मंत्री ने जेएसपी के मनीष खरबंदा को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। नयी दिल्ली में आयोजित फोर्ब्स इंडिया लीगल पॉवरलिस्ट-2021 ग्रैंड फिनाले समारोह में माननीय कानून और न्याय मंत्री श्री किरेन रिजिजू द्वारा जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के सलाहकार (कानूनी) श्री मनीष खरबंदा को सम्मानित किया गया ।

श्री खरबंदा को कानूनी सलाहकार सेवाओं के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों और नेतृत्व के लिए फोर्ब्स लीगल पावर लिस्ट-2021 द्वारा भारत में शीर्ष 50 जेनरल परामर्शदाताओं में से एक नामित किया गया था। उन्होंने इस सम्मान के लिए जिंदल स्टील एंड पावर और उनकी टीम को

धन्यवाद दिया। कानूनी परामर्श के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों और दूरदृष्टि के लिए उन्हें यह सम्मान जनक पुरस्कार दिया गया।

श्री मनीष खरबंदा, जिनके पास देश की कुछ प्रमुख कंपनियों में कई वर्षों का कार्य अनुभव है, वर्तमान में जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के सलाहकार (कानूनी) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, उन्होंने सफलतापूर्वक कार्यकारी निदेशक - ग्रुप हेड (कच्चे माल की सोर्सिंग) और जेएसपी के खान और खनिज व्यवसाय के ओडिशा व्यापार के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके है। उनके पास लखनऊ विश्वविद्यालय से कानून में स्नातक की डिग्री और आईसीएफएआई से वित्त और मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ एमबीए है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एडवांस मैनेजमेंट में डिग्री भी हासिल की है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर 28 करोड़ की सात घड़ियां जब्त

नयी दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गुरुवार को कस्टम विभाग ने एक तस्कर के पास से 7 कीमती घड़ियां बरामद की हैं। इनकी कीमत करीब 28 करोड़ है। इनमें से एक घड़ी जैकब एंड कंपनी की है। इसमें हीरे जड़े हैं। इसकी कीमत 27 करोड़ है। इसके अलावा एक रॉलेक्स की घड़ी, ब्रेसलेट और आईफोन भी जब्त किया गया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कस्टम कमिश्नर जुबैर रियाज कामिली ने बताया कि यात्री घड़ी की डिलीवरी करने दुबई से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा था। उसके पास से सामान से संबंधित किसी तरह के डॉक्यूमेंट नहीं मिले। इसलिए उसे अरेस्ट कर लिया गया है। जुबैर रियाज ने बताया कि आरोपी का दुबई में महंगी घड़ियों का शोरूम है। यूएइ के कई शहरों में शोरूम के ब्रांच भी हैं। कमिश्नर के मुताबिक आरोपी दिल्ली में एक हाई-प्रोफाइल क्लाइंट को डिलीवरी देने आया था। क्लाइंट गुजरात का रहने वाला है।

एनटीपीसी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अशिम कुमार गोस्वामी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अशिम कुमार गोस्वामी क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पूर्वी क्षेत्र-।। 02.10 को ओडिशा के मासिक समाचार बुलेटिन इंटरव्यू टाइम्स द्वारा ओड़िशा अवार्ड्स 2022 के शीर्ष 20 सबसे प्रेरणादायक व्यक्तित्वों में सर्वश्रेष्ठ सीएसआर कॉर्पोरेट लीडर से सम्मानित किया गया। चयन पैनल में प्रतिष्ठित पद्म विभूषण और पद्मश्री व्यक्तित्व जैसे सांसद राज्य सभा डॉ प्रशांत नंद और प्रसिद्ध मूर्तिकार कलाकार पद्म विभूषण पद्मश्री आदित्य प्रसाद दास, कुलपति -

एआइपीएच विश्वविद्यालय और उन्होंने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में रेड के प्रयासों की सराहना की।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है। जेम (GeM) बोली संख्या GEM/2022/B/2593154, दिनांक – 29–09–2022 **क्र. सं. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधिः** धनबाद मंडल के शिवपुर रनिंग रूम ('सी' एरिया में 'बी' श्रेणी का रनिंग रूम) की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउस कीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है) की तीन वर्षों (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग। **2. कार्य के लिए अनुमानित राशिः** रु. 1,28,50,634.34 **3. बयाना राशिः** रु. 2,57,013.00 **4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समयः** ई–निविदा का बंद होना : 20–10–2022 को 18:00 बजे। ई–निविदा का खुलनाः 20–10–2022 को 18:30 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण** वेबसाईटः https://gem.gov.in विशेषः जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परि.)
पूर्व मध्य रेल ,धनबाद
पीआर/01182/डीएचएन/ईओपीएन/टी/22–23/36

विजयदशमी, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

सुभद्रा देवी
मुखिया
बारेंदा पंचायत

विजयदशमी, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अनिता देवी
पूर्व उपप्रमुख
सोनाहातू

गेतलसूद में राकेश प्रसाद ने तीर चला कर किया रावण का दहन

गेतलसूद में रावण दहन के मौके पर राकेश प्रसाद, डॉ प्रदीप वर्मा, जैलेंद्र कुमार और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। दशहरा समिति गेतलसूद के द्वारा गुरुवार को रावण दहन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश बीस सूत्री समिति के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन किया। भाजपा नेता डॉ प्रदीप वर्मा ने मेघनाथ एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कुंभकर्ण के पुतले पर तीर चला कर दहन किया गया। रावण दहन से पूर्व शानदार आतिशबाजी की गयी। अध्यक्षता दशहरा समिति के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं संचालन संतोष कुमार सिन्हा ने की। इस मौके पर रामगढ़ विधायक ममता देवी, भाजपा नेता संजय जायसवाल, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिपस अनुराधा मुंडा, मुखिया शांति मुंडा, थानेदार ब्रजेश कुमार, संजय पटेल, शालिनी प्रिया, कामेश्वर महतो, बिक्रम बैठा, बिगेश्वर महतो, राजीव कुमार और बीरेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

पूर्वांचल वासियों ने धूमधाम से मनाया दशहरा

बंगलोर में 60 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित

अशोक अकेला

बंगलोर (आजाद सिपाही)। दक्षिण भारत के कर्नाटक प्रदेश की राजधानी बंगलोर जिसे आइटी सेक्टर के नाम से भी जाना जाता हैं, उस बंगलोर शहर में इस वर्ष दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बंगलोर के पैलेस ग्राउंड में अमित सिंह, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, सुबोध सिंह, उद्योगपति, संजय सिंह, व्यवसायी तथा रामकवल सिंह की देखरेख में सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद् के तत्वावधान में गेट नंबर नव में पूजा संपन्न हुआ। कमाक्षीपाल्या के धनंजय पैलेस में सुनील ठाकुर, प्रमोद सिंह, महेंद्र शर्मा, मनी भूषण झा आदि प्रमुख साथियों के नेतृत्व में पूजा अर्चना की गयी। कमाक्षीपाल्या के ही एक और स्थान पर मुन्ना सिंह, अनिल सिंह के नेतृत्व में मां दुर्गा की पूजा

अर्चना संपन्न हुई। पूर्वांचल से लेकर भोजपुरी समाज को संगठित करने, ताकत प्रदान करने के लिए हमेशा सक्रिय भूमिका का निर्वहन करनेवाले रामाशंकर सिंह, आर के सिंह, वीके सिंह, प्रमोद सिंह, सुनील कुमार ठाकुर, पंकज ठाकुर, रूपेश चंद्रा, राखी तिवारी, राजकुमार सिंह, संजय शर्मा, राजेश तिवारी, सदा शिवम भारती, अभय नारायण सिंह, अमरेंद्र ओझा, संगीत आनंद, अभिषेक पांडेय, रतन कुमार, पूजा चंद्रा, सीमा सिंह, रीमा सिंह, रीमा शर्मा, ब्रजेश कुमार सिंह, राजेश यादव पूरे शहर में सक्रिय रहे। हुड्डी सर्कल में बीर बहादुर सिंह, राजेश कुमार जितेंद्र आदि के नेतृत्व में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई और विसर्जन भी शोभा यात्रा के साथ किया गया।

जकुर एयरपोर्ट के पीछे मैदान में अखंड भारत नवरात्रि महोत्सव के बैनर तले दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। यहां विहीन ब्रम्हर्षि, ओमप्रकाश पटेल, धर्मेंद्र पटेल, आशीष कुमार राय, आरके सिंह विशेष रूप से सक्रिय नजर आये.पूर्व कारपोरेटर मोनिंदर कुमार के नेतृत्व में यहां विशाल पंडाल बनाया गया था। यहां के कार्यक्रम में बी एल संतोष, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री सदानंद गौड़ा और ऐलहंका के विधायक तथा बीडीए के चेयरमैन विश्वनाथ उपस्थित थे।

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र

पं शशि कांत मिश्रा

पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार क्षेत्र के पूजा पंडालों में मां के दर्शन किये

राजधनवार (आजाद सिपाही)। पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बुधवार की विजयदशमी के मौके पर धनवार क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा मंडप धनवार, डोरंडा, घोड़थंबा, मनसाडीह, चट्टी आदि पूजा पंडालों में भ्रमण कर माता के दर्शन किये और क्षेत्र तथा राज्य वासियों के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। इस क्रम में स्थानीय लोगों से मिल उन्हें पूजा की बधाई भी दी। कार्यकर्ताओं से मिल कर उनका कुशल-क्षेम पूछा तथा पूजा की बधाई दी। उन्होंने धनवार विधानसभा एवं समस्त झारखंड वासियों को पूजा की बधाई दी। भ्रमण में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

प्रभात कंम्प्यूटर® एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer

Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
ONLY 2 DAYS LEFT
SALE
SUNDAY OPEN
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
पन्ना पुखराज मोती नीलम हीरा
मूंगा माणिक्य लहसुनिया गोमेद रुद्राक्ष
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

LOOKING FOR ONE STEP SOLUTIONS FOR EQUIPMENTS AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"



CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower
Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII		Classes VI & VII	
* Class VIII Today (Combined)	₹ 250	* Class VII Today (Combined)	₹ 240
* Class VIII Today (English Medium)	₹ 280	* Class VI Today (Combined)	₹ 240
* Mathematics Practical	₹ 60	* Hindi Vyakaran– I	₹ 60
* Science Practical	₹ 60	* English Grammar– I	₹ 60
* S. Science Practical	₹ 60	* Sanskrit Vyakaran– I	₹ 50
* Hindi Vyakaran– I	₹ 60		
* English Grammar– I	₹ 60		
* Sanskrit Vyakaran– I	₹ 50		

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY

Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**